उज्जैन
मंगलवार
09
जून, 2026
मूल्य- 2 रु.
▪ वर्ष-12
▪ अंक-216
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



पेड्डी विवाद पर कंगना रनोट बोलीं, कई बार डायरेक्टर को भी नहीं पता होता कि वे महिलाओं को ऑब्जेक्टिफाई कर रहे हैं।

## ऑपरेशन सिंदूर के ग्रुप कैप्टन मनीष अरोड़ा को वीर चक्र



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में रक्षा अलंकरण समारोह में 7 कीर्ति चक्र, 15 वीर चक्र और 29 शौर्य चक्र प्रदान किए। सम्मान पाने वालों में ऑपरेशन सिंदूर में शामिल भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन मनीष अरोड़ा भी रहे, जिन्हें वीर चक्र से सम्मानित किया गया। वहीं, एलओसी पर 3 आतंकियों को मार गिराने वाले लेफ्टिनेंट कर्नल नितेश भारती शुक्ला भी शामिल है। इसके अलवा अरुणाचल प्रदेश के सीमावर्ती इलाके में सैन्य अभियान के दौरान बहादुरी दिखाने वाले मेजर आदित्य प्रताप सिंह को भी शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान साहस दिखाने वाले पुलिस अधिकारी लक्ष्मण केवट और रामेश्वर प्रसाद देशमुख को भी यह सम्मान मिला।

## रोटी तक ईएमआई पर लेने को मजबूर हुए ईरानी

**तेहरान।** मैंने मोहल्ले की दुकान से उधार राशन लिया। अगले दिन पैसा देने गया तो बिल दोगुना हो चुका था। तेहरान के 52 साल के सरकारी कर्मचारी मेहदी की यह बात ईरान में महंगाई की तस्वीर को बयां करती है। तेहरान, इस्फहान, अहवाज और मशहद के लोगों से बात करने पर पाया कि उनकी आवाजों में अब बमों से ज्यादा रसोई का डर दिख रहा है। मेहदी ने बताया कि महंगाई इतनी बढ़ गई है कि अब तनख्वाह महीने के बीच में ही खत्म हो जाती है। कई इलाकों में हालात यहां तक पहुंच गए हैं कि लोग रोटी, राशन, और सुपरमार्केट पैकेज तक ईएमआई में खरीद रहे हैं। इजराइल और अमेरिका के हमलों के बाद कुछ ईरानियों को लगा था कि सरकार गिर जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

## नीट-सीबीएसई गड़बड़ी पर शिक्षा मंत्री इस्तीफा दें: खड़गे



**नई दिल्ली।** इंडिया ब्लॉक की 2 साल बाद हुई 7वीं बैठक में सोमवार को 25 दलों के नेता शामिल हुए। दिल्ली में हुई बैठक में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, अखिलेश यादव, ममता बनर्जी, सुप्रिया सुले, कपिल सिब्बल समेत कई नेता मौजूद रहे। वहीं उद्धव ठाकरे और हेमंत सोरेन वर्चुअली जुड़े। मीटिंग के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- 2 घंटे से ज्यादा चली बैठक में 5 मुद्दों पर सहमति बनी है। नीट में देश के युवाओं के साथ धोखा हुआ है। नीट और सीबीएसई की गड़बड़ी के लिए शिक्षा मंत्री जिम्मेदार हैं, वह तुरंत इस्तीफा दें।

## क्यूबा के पास 6.1 तीव्रता का भूकंप; फ्लोरिडा और मेक्सिको तक झटके महसूस हुए

**क्यूबा।** क्यूबा के उत्तर-पश्चिमी तट के पास सोमवार को 6.1 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक, भूकंपका केंद्र पश्चिमी क्यूबा के मंटुआ शहर से करीब 104 किलोमीटर दूर समुद्र में था। इसकी गहराई लगभग 26 किलोमीटर दर्ज की गई। भूकंप के झटकों से क्यूबा के कई इलाकों में इमारतें हिल गईं और लोग घरों व दफ्तरों से बाहर निकल आए। राजधानी हवाना समेत कई शहरों में कंपन महसूस किया गया। झटकों का असर अमेरिका के फ्लोरिडा तक पहुंचा। मियामी, फोर्ट लॉडरडेल और ऑरलैंडो के आसपास के इलाकों में भी लोगों ने कंपन महसूस होने की जानकारी दी। एहतियात के तौर पर कुछ सरकारी कार्यालय खाली कराए गए। मेक्सिको के युकातान प्रायद्वीप, कैंकून, प्लाया डेल कारमेन और टुलुम में भी झटके महसूस किए गए।

## त्रिपुरा में सरकारी कर्मचारियों को सभी शनिवार की छुट्टी मिलेगी



**त्रिपुरा।** त्रिपुरा सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के लिए ऑफिस टाइम में बदलाव करते हुए सभी शनिवार को छुट्टी घोषित की है। पहले केवल दूसरे और चौथे शनिवार को छुट्टी रहती थी। अब सरकारी ऑफिस सुबह 9:30 बजे से शाम 6 बजे तक खुलेंगे। इससे पहले ऑफिस का समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक था। राज्य सरकार का मानना है कि नई व्यवस्था से कर्मचारियों को परिवार और मानसिक स्वास्थ्य के लिए अधिक समय मिलेगा, जबकि प्रशासनिक जवाबदेही और कार्यक्षमता भी बनी रहेगी।

## जापान में पहली बार कोई मौजूदा मेयर लेंगी मैटरनिटी लीव

**क्योटो।** जापान के क्योटो प्रीफेक्चर के यावाता शहर की मेयर शोको कावाता देश में इतिहास रचने जा रही हैं। 35 वर्षीय कावाता अपने पहले बच्चे के जन्म के लिए 16 सप्ताह का मातृत्व अवकाश लेंगी। माना जा रहा है कि जापान में किसी मौजूदा मेयर द्वारा मैटरनिटी लीव लेने का यह पहला मामला है। 2023 में निर्वाचित हुईं कावाता सितंबर के मध्य में मां बनने वाली हैं। उन्होंने प्रसव से पहले 8 सप्ताह और प्रसव के बाद 8 सप्ताह के अवकाश की घोषणा की है। जापान में सरकारी कर्मचारियों को मातृत्व अवकाश का अधिकार है, लेकिन निर्वाचित प्रतिनिधियों के लिए ऐसा कोई स्पष्ट कानूनी प्रावधान नहीं है।

### पुलिस चौकी ढोढर और थाना रिंगनोद पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# अय्याशी करने आए 32 युवक गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ढोढर

पुलिस चौकी ढोढर और थाना रिंगनोद पुलिस ने संयुक्त रूप से एक सघन चेकिंग अभियान चलाकर परवलिया बाछड़ा डेरा में अनैतिक गतिविधियों और अय्याशी के उद्देश्य से आए 32 युवकों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने इन सभी आरोपियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कानूनी कार्रवाई की है। पकड़े गए युवकों में अधिकांश गुजरात के विभिन्न जिलों के रहने वाले हैं, जबकि कुछ स्थानीय व अन्य क्षेत्रों के निवासी हैं।




## पुलिस द्वारा जारी सूची के अनुसार गिरफ्तार किए गए युवकों के नाम

1. सुन्दर पिता देवराजभाई हडियल (उम्र 30 साल) – निवासी पंचासा रोड, मोरवी, थाना मोरवी ए. डिविजन, जिला मोरवी, गुजरात
2. राजूभाई पिता भगवान जीभाई हडियल (उम्र 32 साल) – निवासी पंचासा रोड, मोरवी, थाना मोरवी ए. डिविजन, जिला मोरवी, गुजरात
3. मणीलाल पिता बेतर भाई हडियल (उम्र 35 साल) – निवासी पंचासा रोड, मोरवी, थाना मोरवी ए. डिविजन, जिला मोरवी, गुजरात
4. चमनभाई पिता पोपटभाई हडियल (उम्र 39 साल) – निवासी पंचासा रोड, मोरवी, थाना मोरवी ए. डिविजन, जिला मोरवी, गुजरात
5. जिगनेश पिता रमेश पडियार (उम्र 29 साल) – निवासी मोजपुर, थाना वडू, जिला वडोदरा, गुजरात
6. चेतन पिता १मनभाई मकवाना (उम्र 24 साल) – निवासी खेडासर, थाना बाजरन, जिला आनंद, गुजरात
7. हर्ष पिता राजेश भाई गठानिया (उम्र 25 साल) – निवासी गोंदावन चौकड़ी, वागोड़िया रोड, थाना बापोद, जिला वडोदरा, गुजरात
8. विशाल पिता सुरेशभाई पडियार (उम्र 25 साल) – निवासी डबासा दसामाता मंदिर, थाना वडू, जिला वडोदरा, गुजरात
9. जसवन्तसिंह पिता अशोकभाई परमार (उम्र 26 साल) – निवासी बालासीनोर बडदला तडावना मुवाडा, थाना बालासीनोर, जिला महिसागर, गुजरात
10. किशन पिता जयदीपसिंह परमार (उम्र 26 साल) – निवासी बालासीनोर बडदला तडावना मुवाडा, थाना बालासीनोर, जिला महिसागर, गुजरात
11. बलवन्तसिंह पिता वागसिंह परमार (उम्र 24 साल) – निवासी नवगामा, थाना बालासीनोर, जिला महिसागर, गुजरात
12. विष्णुभाई पिता रतनसिंह अटक राठौर (उम्र 23 साल) – निवासी बडदला तडावना मुवाडा, थाना बालासीनोर, जिला महिसागर, गुजरात
13. चिराग पिता शोमाभाई परमार (उम्र 22 साल) – निवासी बडदला तडावना मुवाडा, थाना बालासीनोर, जिला महिसागर, गुजरात
14. बलराम पिता कमलसिंह गुर्जर (उम्र 26 साल) – निवासी सोनकच्छ, थाना सोनकच्छ, जिला देवास
15. निरज पिता ज्ञानसिंह मकवाना (उम्र 20 साल) – निवासी सोनकच्छ, थाना सोनकच्छ, जिला देवास
16. आशीष पिता करमेन्द्रसिंह मईडा (जाति भील, उम्र 18 साल) – निवासी बांगरोद, जिला रतलाम
17. शांतीलाल पिता मानजी मईडा (जाति भील, उम्र 20 साल) – निवासी नायन, थाना रावटी, जिला रतलाम
18. जयेस पिता प्रवीण भाई पटेल (जाति पाटीदार, उम्र 53 साल) – निवासी गोरियाडी, थाना पादरा, जिला बरोडा, गुजरात
19. मेहुल पिता नरवत (जाति भारिया, उम्र 23 साल) – निवासी कदवार, थाना कदवार, जिला छोटा उदयपुर, गुजरात
20. अन्सुल दुबे पिता कोमलप्रसाद दुबे (उम्र 21 साल) – निवासी गंजबसौदा, जिला विदिशा
21. अभय कुशवाह पिता भारतसिंह कुशवाह (उम्र 28 साल) – निवासी गंजबसौदा, जिला विदिशा
22. अभिषेक पिता सिताराम कुशवाह (उम्र 23 साल) – निवासी गंजबसौदा, जिला विदिशा
23. निलेश भाई पिता हसमुखभाई (उम्र 52 साल) – निवासी अहलादरा, जिला वडोदरा, गुजरात
24. चिमनभाई पिता भमाभाई परमार (उम्र 58 साल) – निवासी अखलाजा, जिला वडोदरा, गुजरात
25. अनिल पिता रमेश (जाति नायिका, उम्र 25 साल) – निवासी थाना कहवाल, जिला छोटा उदयपुर, गुजरात
26. विशाल पिता विक्रमभाई (जाति राठवा, उम्र 23 साल) – निवासी कदवाल, जिला छोटा उदयपुर, गुजरात
27. प्रकाश पिता हरिश (जाति बारिया, उम्र 19 साल) – निवासी पावागढ, जिला पंचमहल, गुजरात
28. जयस पिता अर्जुन भाई (जाति राठोर, उम्र 21 साल) – निवासी थाना पावागढ, जिला पंचमहल, गुजरात
29. शुभमसिंह पिता रूपसिंह गेहलोद (जाति राजपुत, उम्र 28 साल) – निवासी उज्जैन, थाना जिवाजीगंज, उज्जैन
30. शुभतसीहा पिता कासमशाह (जाति दिवान, उम्र 40 साल) – निवासी बडोदरा, थाना तान्दलजा, गुजरात
31. विशाल पिता गोपीचन्द (जाति यादव, उम्र 30 साल) – निवासी बडोदरा, थाना बारसिया, जिला वडोदरा, गुजरात
32. हेमन्तगुर्जर पिता शंकरभाई (जाति प्रजापती, उम्र 30 साल) – निवासी बडोदरा, थाना कपुरई, गुजरात

### कर्नाटक में ऑनलाइन गेमिंग से रोका तो

# बेटे ने पिता और बहन की हत्या की, मां गंभीर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोप्पल




कर्नाटक के कोप्पल जिले के गंगावती तालुका में 18 साल के एक छात्र ने ऑनलाइन मोबाइल गेम खेलने से रोके जाने पर अपने पिता, मां और बड़ी बहन पर चाकू से हमला कर दिया। पिता और बहन की मौत हो गई, जबकि मां गंभीर रूप से घायल है। आरोपी छात्र ने हमले के बाद खुद को भी चाकू मारा और उसका इलाज चल रहा है।

पुलिस के मुताबिक मृतकों की पहचान 45 साल के वेंकट नायडू और उनकी 19 साल की बेटी प्रगति के रूप में हुई है। घटना 6 जून की रात होसा अयोध्या गांव में गंगावती ग्रामीण थाना क्षेत्र में हुई। शिकायत के अनुसार रात का खाना खाने के बाद परिवार सो गया था। वेंकट नायडू, उनकी पत्नी सौजन्या और दोनों बच्चे एक कमरे में सो रहे थे, जबकि वेंकट नायडू के माता-पिता दूसरे कमरे में थे। रात करीब 10.30 बजे वेंकट नायडू के पिता ताताराव ने शोर और बेटे की चीख सुनकर दरवाजा खोलने की कोशिश की, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। इसके बाद उन्होंने पड़ोसियों से मदद मांगी।

## दिल्ली एयरपोर्ट पर पैसेंजर के बैग से 1.42 करोड़ का हाइड्रोपोनिक गांजा जब्त

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर कस्टम अधिकारियों ने बैंकॉक से आए एक यात्री के पास से करीब 1.42 करोड़ रुपए कीमत की हाइड्रोपोनिक गांजा जब्त की है। मामले में यात्री को हिरासत में लेकर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई शुरू की गई है। अधिकारियों के मुताबिक, यात्री सोमवार को बैंकॉक से दिल्ली पहुंचा था। एयरपोर्ट पर ग्रीन चैनल पार करने के बाद कस्टम अधिकारियों ने उसे रोका और जांच की। कस्टम विभाग के बयान के अनुसार, यात्री के सामान की एक्स-रे स्क्रीनिंग के दौरान संदिग्ध तस्वीरें दिखाई दीं।


### 1600 डिग्री पर पिघला गर्म लोहा क्रेन से ले जा रहे थे, बैलेंस बिगड़ने से उन पर ही गिरा

# स्टील प्लांट में हादसा, 8 मजदूरों की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ विशाखापट्टनम

आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम स्थित स्टील प्लांट में सोमवार को बड़ा हादसा हो गया। प्लांट में करीब 1600 डिग्री तापमान वाला पिघला हुआ लोहा (मोल्टन आयरन) मजदूरों पर गिर गया। हादसे में 8 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के मुताबिक, प्लांट में क्रेन की मदद से एक बड़े बकेट में पिघला हुआ लोहा एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाया जा रहा था। इसी दौरान बकेट का संतुलन बिगड़ गया और उसमें भरा गर्म लोहा नीचे काम कर रहे कर्मचारियों पर गिर गया। हादसा राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड के स्टील प्लांट में हुआ। हादसे के बाद प्लांट परिसर में अफरा-तफरी मच गई। राहत और बचाव दल ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घायलों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। अधिकारियों ने कहा कि फिलहाल हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। पता लगाया जा रहा है कि कही दुर्घटना की वजह तकनीकी खराबी या सुरक्षा मानकों में किसी तरह की चूक तो नहीं हुई।



### सीएम चंद्रबाबू नायडू ने हादसे पर दुख जताया

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने हादसे पर दुख जताया। वहीं गृह मंत्री वंगालापुडी अनिता ने विशाखापट्टनम के कलेक्टर और सिटी पुलिस कमिश्नर से फोन पर बात कर हादसे की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को घायलों को बेहतर इलाज दिलाने और रेस्क्यू ऑपरेशन तेज करने के निर्देश दिए।

### मृतकों के परिजनों को 2 लाख रुपए की आर्थिक मदद की घोषणा

हादसे पर पीएम नरेंद्र मोदी ने गहरा दुख जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा कि इस दुर्घटना में जान गंवाने वालों के परिवारों के प्रति उनकी संवेदनाएं हैं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। मोदी ने पीड़ितों प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपये और घायलों को 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा भी की।

## पेट्रोलियम मंत्री बोले- भारत में 76 दिन का फ्यूल स्टॉक




ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पेट्रोल-डीजल पर सोमवार को पेट्रोलियम मंत्रालय और केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी की और से दो अलग-अलग बयान आए, जिससे पता चलता है कि देश में फ्यूल का स्टॉक तो है, लेकिन कीमतें बढ़ सकती हैं।

एक ओर केंद्रीय मंत्री पुरी ने कहा कि भारत के पास वर्तमान में अपनी रणनीतिक पेट्रोलियम रिजर्व, रिफाइनरी स्टॉक और कमर्शियल स्टॉक को मिलाकर 76 से 80 दिन की खपत के बराबर फ्यूल रिजर्व मौजूद है। उन्होंने बताया कि मिडिल ईस्ट में अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बावजूद देश की तेल सप्लाई पूरी तरह सुरक्षित है और ग्लोबल मार्केट में कच्चे तेल की कीमतें बहुत लंबे समय तक ऊंचे स्तर पर नहीं रहेंगी।

### नगरीय क्षेत्रों में लीज पर आवंटित भूखंडों को

# फ्री-होल्ड कराने की प्रक्रिया को सरल बनाने जा रही सरकार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

प्रदेश सरकार नगरीय क्षेत्रों में लीज (पट्टे) पर आवंटित भूखंडों को फ्री-होल्ड कराने की प्रक्रिया को सरल बनाने जा रही है। इसके लिए नगर पालिका (अचल संपत्ति का अंतरण) नियम-2016 में संशोधन की तैयारी अंतिम चरण में है। प्रस्तावित बदलावों के तहत लीज धारकों को मालिकाना हक प्राप्त करने की प्रक्रिया आसान होगी, लेकिन इसके लिए पहले की तुलना में अधिक शुल्क चुकाना पड़ेगा।

सरकार का मानना है कि मौजूदा व्यवस्था में फ्री-होल्ड की प्रक्रिया जटिल होने के कारण बड़ी संख्या में प्रकरण लंबित रहते हैं। कई बार निकायों द्वारा प्रावधान होने के बावजूद लीज धारकों को फ्री-होल्ड की सुविधा नहीं मिल पाती, जिससे न केवल लोगों को परेशानी होती है बल्कि नगरीय निकायों को संभावित राजस्व से भी वंचित रहना पड़ता है। प्रस्तावित नियमों के अनुसार 30 वर्ष या उससे अधिक अवधि की लीज वाले भूखंडों को फ्री-होल्ड करने की अनुमति दी जाएगी। इसके बाद संबंधित भूमि का पूर्ण स्वामित्व लीजधारक को मिल जाएगा। सबसे बड़ा बदलाव यह होगा कि अब लीज अवधि समाप्त होने का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। लीजधारक अपनी सुविधा के अनुसार निर्धारित शर्तें पूरी कर किसी भी समय फ्री-होल्ड के लिए आवेदन कर सकेगा। हालांकि, जिन लीजों की अवधि 10 वर्ष से कम होगी, उन्हें यह सुविधा नहीं मिलेगी।

### आवासीय और व्यावसायिक संपत्तियों पर बढ़ेगा शुल्क

नए प्रस्ताव के तहत आवासीय भूखंड को फ्री-होल्ड कराने के लिए बाजार मूल्य का 1 प्रतिशत शुल्क बढ़ाकर 2.5 प्रतिशत किया जाएगा। वहीं व्यावसायिक संपत्तियों के लिए यह शुल्क 2 प्रतिशत से बढ़ाकर 5 प्रतिशत प्रस्तावित है। यदि मास्टर प्लान में परिवर्तन के बाद कोई व्यक्ति भूमि उपयोग (लैंड यूज) बदलना चाहता है, तो उसे बाजार मूल्य का अधिकतम 11 प्रतिशत तक शुल्क चुकाना पड़ सकता है।

### निकायों की आय बढ़ाने पर सरकार का फोकस

नगरीय विकास एवं आवास विभाग पिछले तीन महीनों से नियमों में संशोधन की कवायद कर रहा था। विभाग का उद्देश्य एक ओर फ्री-होल्ड की प्रक्रिया को पारदर्शी और सरल बनाना है, वहीं दूसरी ओर नगरीय निकायों की आय में वृद्धि करना भी है। सूत्रों के अनुसार संशोधित नियम लागू होने के बाद आवासीय और व्यावसायिक दोनों प्रकार की संपत्तियों के पट्टों का नवीनीकरण तथा फ्री-होल्ड कराने की प्रक्रिया अधिक स्पष्ट और समयबद्ध होगी।

## कमर छूने वाला गिरफ्तार नहीं हुआ तो जान दे दूंगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सोनीपत

हरियाणवी डांसर के साथ उत्तर प्रदेश के हाथरस में स्टेज शो के दौरान हुई कथित बदसलूकी का मामला लगातार तूल पकड़ रहा है। इस मामले में हाथरस पुलिस ने अज्ञात युवक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हालांकि, डांसर का कहना है कि जिस युवक ने उनके साथ बदसलूकी की थी, उसकी अब तक गिरफ्तारी नहीं हुई है। डांसर ने कहा, हाथरस पुलिस ने मुझे 11 जून को दोबारा थाने बुलाया है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। 15 जून तक इंतजार करूंगी। यदि तब तक आरोपी गिरफ्तार नहीं हुआ, तो मैं सुसाइड कर लूंगी। उन्होंने यह भी कहा- मेरे लिए इज्जत सबसे पहले है। जहां मुझे इज्जत नहीं मिलेगी, वहां परफॉर्मेंस नहीं दूंगी। डांसर 3 जून को हाथरस में एक जन्मदिन समारोह में परफॉर्मेंस देने पहुंची थीं।

### कश्मीर से आए लोगों को दी गई थी

# पीओके में हिंसा, 11 की मौत

## इनमें 4 पुलिसकर्मी, विधानसभा में आरक्षित सीटें खत्म करने की मांग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुजफ्फराबाद

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई हिंसक झड़पों में 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि 70 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक यह हिंसा जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी और क्षेत्रीय सरकार के बीच चल रहे विवाद के दौरान हुई। रिपोर्ट के अनुसार मृतकों में 7 नागरिक और 4 पुलिसकर्मी शामिल हैं। वहीं 23 सुरक्षाकर्मी और करीब 50 प्रदर्शनकारी घायल हुए हैं। पुलिस ने अब तक 30 लोगों को गिरफ्तार किया है।

पीओके में जेएएसी और सरकार के बीच विधानसभा की 12 आरक्षित सीटों को लेकर विवाद चल रहा है। ये सीटें उन शरणार्थियों के लिए आरक्षित हैं जो जम्मू-कश्मीर से पाकिस्तान के अन्य हिस्सों में जाकर बसे थे। जेएएसी इन सीटों को खत्म करने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहा है। सरकार ने 5 जून को जेएएसी पर आतंकवाद विरोधी कानून के तहत प्रतिबंध लगा दिया था। इसके बाद से इलाके में तनाव लगातार बढ़ रहा है। रविवार को जेएएसी के कार्यकर्ता संगठन के एक सदस्य की मौत के विरोध में अस्पताल के शवगृह के बाहर प्रदर्शन कर रहे थे। सदस्य की मौत कथित तौर पर पुलिस फायरिंग में हुई थी। पुलिस जब प्रदर्शनकारियों को हटाने पहुंची, तभी झड़प शुरू हो गई और हिंसा फैल गई। रावलकोट के कमिश्नर सरदार वहीद खान ने रॉयटर्स से कहा कि प्रदर्शनकारियों की गोलीबारी में चार पुलिसकर्मियों और एक राहगीर की मौत हुई। उन्होंने दावा किया कि इसके जवाब में सुरक्षा बलों की कार्रवाई में छह प्रदर्शनकारी मारे गए। पाकिस्तानी अखबार डॉन के मुताबिक पुलिस का आरोप है कि जेएएसी से जुड़े लोगों ने सुरक्षाकर्मियों पर शॉटगन और अन्य हथियारों से हमला किया। पुलिस ने घटना को आतंकवादी कार्रवाई करार देते हुए कहा कि कानून-व्यवस्था और नागरिकों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। पीओके सरकार ने जेएएसी पर 5 जून को बैन लगाया था। बैन लगाने के लिए सार्वजनिक व्यवस्था और सुरक्षा संबंधी चिंताओं का हवाला दिया। इसके अगले दिन पुलिस ने संगठन के समर्थकों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की और कई गिरफ्तारियां कीं।





## खबर एक नजर...

### पुरुषोत्तम सागर में नौका विहार करेंगे भगवान श्री लीला पुरुषोत्तम

**उज्जैन।** अधिकमास के पुनीत अवसर पर मंगलवार 9 जून को इंदिरा नगर स्थित शास्त्र वर्णित श्री पुरुषोत्तम सागर में भगवान श्री पुरुषोत्तम नारायण का भव्य नौका विहार आयोजित किया जाएगा। यह धार्मिक आयोजन ब्रह्मलीन ज्योतिर्विद पंडित श्याम नारायण व्यास की पावन स्मृति में संपन्न होगा। बाबा गुमानदेव हनुमान गढ़ी के गादीपति ज्योतिर्विद पं. चंदनश्यामनारायण व्यास ने बताया कि शाम 6 बजे सर्वप्रथम तीर्थ का पंचामृत से पूजन कर पीतांबर अर्पण किया जाएगा। इसके पश्चात भगवान श्री लीला पुरुषोत्तम नौका विहार करेंगे। इस अलौकिक दृश्य के दर्शन और पुण्य लाभ के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहेंगे।

### चारभुजा नाथ मंदिर में सजी नीली घटा की मनमोहक झांकी

**उज्जैन।** गोला मंडी स्थित चारभुजा नाथ मंदिर में पुरुषोत्तम मास के तहत नित्य उत्सव मनाए जा रहे हैं। इसी क्रम में भगवान की मनमोहक नीली घटा उत्सव की झांकी सजाई गई, जिसके दर्शन के लिए हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। झांकी की आकर्षक सजावट शोभा मूंदड़ा और अंकित मूंदड़ा द्वारा की गई। दर्शन मनोरथी सत्यनारायण पलोड़ और आनंद राठी की ओर से पंडित बृजभूषण दीक्षित ने विधि-विधान से भगवान का पूजन-अर्चन संपन्न कराया। इसके पश्चात मनोरथी परिवार की राजकुमारी पलोड़ और वर्षा राठी सहित अन्य सदस्यों ने आरती की। आयोजन में वीरेंद्र कुमार गट्टानी परिवार द्वारा भगवान को खिचड़ी का भोग लगाकर उपस्थित भक्तों में प्रसादी का वितरण किया गया। इस पावन अवसर पर इन्दरमल खटोड़, रमेशचंद्र मालपानी, जितेन्द्र कुमार तोषनीवाल, अविश डाढ़, ब्रजेश राठी, सतीश भंडारी, गोरधन संदीप तोतला, दीपक कांटे, मनीष शर्मा, ओमप्रकाश पाटीदार, शीला राठी, रीता गट्टानी, ममता हेडा, महिमा गट्टानी, अनिता चांडक, निर्मल बाहेती, निशा मूंदड़ा, पूजा देवपुरा, विधी राठी, संगीता भट्टड़, सुगंधा देवपुरा, सपना देवपुरा, अलका भूतड़ा और नोएडा से आईं जयती माहेश्वरी ने भी आरती में सहभागिता कर धर्म लाभ लिया।

### माहेश्वरी महिला मंडल ने मंगलनाथ मंदिर में भेंट की व्हीलचेयर



**उज्जैन।** श्री माहेश्वरी मेवाड़ा थोक पंचायत महिला मंडल द्वारा पुरुषोत्तम माह के अंतर्गत शहर में सेवा कार्य किए गए। मंडल की सदस्यों ने मंगलनाथ रोड स्थित महेश धाम गोशाला पहुंचकर गायों को हरा चारा और लापसी-गुड़ खिलाया। वहीं मंगलनाथ मंदिर में जरूरतमंद दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए एक व्हीलचेयर भी भेंट की। संगीता भूतड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था अध्यक्ष संध्या हेड़ा और सचिव वंदना जैथलिया की उपस्थिति में मंगलनाथ मंदिर में महिला मंडल की वरिष्ठ सदस्यों के साथ व्हीलचेयर भेंट की गई। इसी तरह संस्था की कोषाध्यक्ष आरती सोड़ानी सहित अन्य पदाधिकारियों की मौजूदगी में महेश धाम गोशाला में गायों के लिए हरा चारा, सब्जी, फल, लापसी और गुड़ भेंट किया गया। इन सेवा कार्यों के दौरान महिला मंडल की संगीता भूतड़ा, शोभा मुन्दड़ा, रेखा मंत्री, ममता बोराड़, माधुरी राठी, निशा मुन्दड़ा, सीमा पलोड़, संतोष सोड़ानी, श्वेता मेंडोवरा, निर्मला देवपुरा, तेजूदेवी तोषनीवाल, गीता तोतला, सुधा बाहेती, रमा लड्ढा, पुष्पा मंत्री, आरती सोड़ानी, मनोरमा दाड़, सुभद्रा भूतड़ा, ज्योती राठी, राजकुमारी माहेश्वरी, सीमा परवाल और उषा सोड़ानी उपस्थित थीं।

# पुरुषोत्तम नारायण मंदिर में लगा छप्पन भोग, अन्नकूट महोत्सव में उमड़ा अग्रवाल समाज

### पुरुषोत्तम मास पर अग्रवाल बायोडाटा बैंक ने किया पारिवारिक मिलन समारोह, महाआरती के बाद हुई भोजन प्रसादी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में अग्रवाल समाज के आधिपत्य वाले गयाकोटा स्थित श्री पुरुषोत्तम नारायण भगवान मंदिर में अन्नकूट महोत्सव और पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। श्री अग्रवाल बायोडाटा बैंक द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में भगवान का फूलों से भव्य श्रृंगार कर 56 भोग लगाए गए। इसके पश्चात समाजजनों ने महाआरती की और भोजन प्रसादी ग्रहण की।

यह आयोजन अग्रवाल बायोडाटा बैंक के अध्यक्ष रवि प्रकाश बंसल, सचिव दीपक मित्तल और कोषाध्यक्ष विजय गर्ग के नेतृत्व में सदस्यों के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में छप्पन भोग के लाभार्थी संस्था के सीए संजय अग्रवाल थे।

आयोजन में अग्रवाल पंचायत अध्यक्ष निमेष अग्रवाल, उपाध्यक्ष शैलेन्द्र मित्तल, न्यासी गोविंद गोयल, जय किशन अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, मधुर चौधरी, विजय अग्रवाल, वरिष्ठ समाजजन भगवानदास एरन, विजय मित्तल सिद्धू भैया, प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल, शैलेश मित्तल, अतीत अग्रवाल और राजेश गर्ग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

साथ ही बायोडाटा बैंक परिवार के आलोक अग्रवाल, संतोष गर्ग, प्रकाश हरभजनका, विजय गोयल, सतीश अग्रवाल, दीपक अग्रवाल पाइप, राजकुमार मित्तल, अमर अग्रवाल, सत्यनारायण अग्रवाल, सचिन बंसल, कमलेश मित्तल, पुरुषोत्तम मोदी, पवन मित्तल, ओमप्रकाश गर्ग, विजय अग्रवाल केसरी नंदन, मनसुख मित्तल, दिलीप गर्ग, सुभाष मित्तल, तरुण मित्तल, मोहन, मोहनलाल भैया, अजय गर्ग, प्रकाश गर्ग, रवि अग्रवाल बारदान, पलकेश अग्रवाल, पीयूष गोयल, दिनेश गुमटी वाला, राजेश बंसल, दिनेश इंजीनियर, डॉ. मनोज अग्रवाल और विजय गोयल मक्सी रोड ने भी भागीदारी की। मातृशक्ति और युवा तरुणाई की ओर से सरोज अग्रवाल, तृप्ति मित्तल, अग्रवाल महिला मंडल अध्यक्ष ममता अग्रवाल, अग्रवाल नवयुवक मंडल अध्यक्ष इंद्रेश अग्रवाल, तनय अग्रवाल, मानव गर्ग, आयुष गर्ग, आयुष अग्रवाल, सागर अग्रवाल, गौरव, गौरव बंसल सहित अनेक संस्थाओं के पदाधिकारी व बड़ी संख्या में अग्रवाल बंधु उपस्थित रहे।

### खंडेलवाल समाज मे भव्य भजन संध्या

**उज्जैन.** अधिक मास पूर्णिमा पर भजनों की रसधारा में डूबा उज्जैन खंडेलवाल सोशल ग्रुप, उज्जैन के तत्वावधान में अधिक मास की पावन पूर्णिमा के पावन अवसर पर खंडेलवाल भवन में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात सुप्रसिद्ध भजन गायक हरीकिशन साबू भोंपू ने अपनी मधुर वाणी से ₹भजनामृत वर्षा₹ कर समूचे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। ऐसी लागी लगन..., मीठे रस से भयोरी... जैसे सुमधुर भजनों पर श्रोतागण भाव-विभोर होकर झूम उठे। इस अवसर पर बहुत ही आकर्षण श्रंगार कर कु. तुलसी सामरिया राधा बनी एवं कु. व्रनदा नाटानी श्री कृष्ण बने एवं रास के भजन पर भक्तों के साथ नृत्य भी किया। खंडेलवाल सोशल ग्रुप के संरक्षक श्रीः मनीष जी सामरिया और पूरी टीम संग पत्नी एवं हमारे नौनिहालों उपस्थित रहे ।

### विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन आज की सबसे बड़ी जरूरत

# विश्व पर्यावरण दिवस पर राष्ट्रीय संगोष्ठी, विशेषज्ञों ने मानसिक स्वास्थ्य और हरित प्रौद्योगिकी पर की चर्चा

### पर्यावरण के नुकसान से बढ़ रहा मानसिक बोझ

### पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाना जरूरी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों के बढ़ते दोहन जैसी चुनौतियों का समाधान केवल तकनीकी प्रगति से नहीं, बल्कि पर्यावरण के प्रति संवेदनशील सोच और सामूहिक जिम्मेदारी से ही संभव है। यह बात सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने विश्व पर्यावरण दिवस पर स्वर्ण जयंती सभागार में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में कही।

आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ, प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान और क्रिस्प भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में सतत विकास और भविष्य की तैयारी विषय पर इस संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के डॉ. पुष्पेंद्र सिंह ने कहा कि विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाना मौजूदा समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए हरित प्रौद्योगिकी और अक्षय ऊर्जा को सबसे प्रभावी माध्यम बताया।

ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी के जिंदल जनस्वास्थ्य एवं मानव विकास अध्ययन संस्थान की विशिष्ट वक्ता डॉ. प्रियंवदा सिंह ने क्षतिग्रस्त पर्यावरण और मानसिक स्वास्थ्य विषय पर विचार रखे। उन्होंने कहा कि पर्यावरणीय क्षरण का असर सिर्फ प्रकृति तक सीमित नहीं है, बल्कि यह इंसानों के मानसिक स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है। स्वस्थ पर्यावरण ही एक स्वस्थ समाज की मूल आधारशिला है। कुलसचिव डॉ. अनिल शर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य सिर्फ ज्ञान देना नहीं, बल्कि पर्यावरणीय जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक नागरिक तैयार करना भी है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण को एक व्यापक जनआंदोलन बनाने पर जोर दिया। संगोष्ठी में बड़ी संख्या में मौजूद शिक्षकों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों और शहर के गणमान्य नागरिकों ने अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण अनुकूल व्यवहार अपनाने का संकल्प लिया। अंत में यह संदेश दिया गया कि प्रकृति का संरक्षण और उत्तरदायी विकास ही आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की चाबी है।

## पुरानी पेंशन और पदोन्नति की मांग, ठेका प्रथा खत्म करने पर जोर

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मप्र राज्य कर्मचारी संघ की घटिया तहसील इकाई ने मध्यप्रदेश कर्मचारी कल्याण समिति के पुनः अध्यक्ष व राज्यमंत्री बनने पर रमेश चंद्र शर्मा का आत्मीय सम्मान किया। इस अवसर पर संगठन ने राज्यमंत्री के समक्ष शिक्षकों की पदोन्नति, पुरानी पेंशन बहाली और आउटसोर्स कर्मचारियों के शोषण को खत्म करने की प्रमुख मांगें उठाईं और इन्हें सरकार के समक्ष रखने का निवेदन किया।

कार्यक्रम में संगठन ने पुरजोर मांग की कि आउटसोर्स ठेका प्रथा को तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाए और इन कर्मचारियों को नियमित पदों पर सृजित किया जाए। इसके साथ ही अध्यापकों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू करने और शिक्षकों की रुकी हुई पदोन्नति प्रक्रिया शुरू करने की मांग कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष के सामने रखी गई।

घटिया तहसील के प्रचार मंत्री गुलशन मंसूरी ने बताया कि इस गरिमामय समारोह में चार सेवानिवृत्त शिक्षकों मनमोहन त्रिवेदी, हरि सिंह गौड़, छोटेलाल कुशवाहा और रमेशचंद्र बाघेरीया का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन बालमुकुंद बैरागी ने किया एवं आभार नवीन चौहान ने माना।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से मप्र राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश संगठन मंत्री मनोहर गिरी, संभागीय अध्यक्ष मांगीलाल पाटीदार, जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश यादव, संगठन मंत्री चंद्रकांत फाटाले, राय सिंह चौहान, अंतर सिंह झाला, रमेश चंद्र कंडारिया, कमल सिंह चौहान, राजेश चौहान, राजाराम कछावा, घनश्याम जोशी, लक्ष्मी प्रसाद साहू, हेमेंद्र सिंह पंवार, बालाराम सोलंकी, उदय भान सिंह यादव, अजय नामदेव, भरत कुमावत, स्वप्निल वैद्य, नवीन कुमार चौहान, गजराज सिंह मकवाना, दिनेश श्रीवास्तव, रणजीत सिंह सोलंकी, बहादुर सिंह आंजना एवं राजीव सिंह सेंगर उपस्थित थे।

## अनुभूति में आज राष्ट्रीय एकता का संदेश देंगे अजहर हाशमी के गीत

### अभिरंग नाट्य गृह में शाम 6 बजे से होगा आयोजन, रतलाम के ख्यात कलाकार देंगे संगीतमयी प्रस्तुति

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

राष्ट्रीय एकात्मकता को समर्पित संस्था भारत भारती उज्जैन द्वारा आज 9 जून को प्रसिद्ध कवि और गीतकार अजहर हाशमी के गीतों की संगीतमयी प्रस्तुति 'अनुभूति' का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम कालिदास अकादमी के अभिरंग नाट्य गृह में शाम 6 बजे से शुरू होगा। अध्यक्ष डॉ. हरीश कुमार सिंह ने बताया कि आयोजन में राष्ट्रीय एकता को समर्पित गीतों की संगीतमयी प्रस्तुति कलाकारों द्वारा दी जाएगी। इनमें डॉ. स्नेहा पंडित, किरण छाबड़ा, संगीता जैन, प्राची पुरोहित, रूचि चौहान, जितेन्द्र चौहान, अक्षद पंडित, तल्लिन त्रिवेदी, रोहित परिहार और रुद्राक्ष दवेसर शामिल रहेंगे। अध्यक्षता शिक्षाविद दिवाकर नातू करेंगे। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में कालिदास अकादमी के निदेशक डॉ. गोविन्द गंधे उपस्थित रहेंगे। वहीं, मध्य प्रदेश लेखक संघ उज्जैन के अध्यक्ष प्रो. हरिमोहन बुधौलिया सारस्वत अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

## पर्यावरण संरक्षण का वैश्विक मॉडल बनेगा विक्रमादित्य विवि परिसर

### ऊर्जा बचाने शुरू हुआ 'शिकन अच्छी है' अभियान

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित पांच दिवसीय पर्यावरण महोत्सव, राष्ट्रीय संगोष्ठी और लीडरशिप कोहोर्ट-2026 का समापन हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में पर्यावरणीय संवेदनशीलता, तकनीकी नवाचार और सतत जीवनशैली का विकास करना था। कुलगुरु अर्पण भारद्वाज ने कहा कि आगामी सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के तहत विश्वविद्यालय परिसर और उज्जैन शहर को पर्यावरण संरक्षण के वैश्विक मॉडल के रूप में स्थापित किया जाएगा। कुलसचिव अनिल शर्मा ने भी शिक्षा और नवाचार के मेल से पर्यावरण संरक्षण के सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया। इस आयोजन का प्रबंधन भोपाल की संस्था क्रिसप द्वारा किया गया।

कुलगुरु अर्पण भारद्वाज ने ऊर्जा संरक्षण के लिए 'शिकन अच्छी है' अभियान की जानकारी दी। उन्होंने आमजन से सप्ताह में कम से कम दो दिन बिना प्रेस किए कपड़े पहनने की अपील की। इसके अलावा वस्त्र उद्योग में पानी की खपत और रासायनिक प्रदूषण कम करने के लिए सफेद या प्राकृतिक रंगों के कपड़ों के उपयोग पर जोर दिया गया।

राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य वक्ता बीआर अम्बेडकर विवि के पुष्पेन्द्र सिंह ने युवाओं से हरित ऊर्जा और डिजिटल नवाचार के माध्यम से रोजगार सृजित करने का आह्वान किया। वहीं ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी की प्रियंवदा सिंह ने पर्यावरण क्षरण और प्रदूषण के कारण बढ़ते मानसिक तनाव, चिंता और अवसाद के वैज्ञानिक तथ्य साझा किए। संगोष्ठी की शुरूआत में स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक संदीप कुमार तिवारी ने अतिथियों का स्वागत किया।

एलुमनाई एसोसिएशन की ऊर्जा-सेतु व्याख्यान श्रृंखला में आरआरकैट के वैज्ञानिक तरुण कुमार शर्मा ने सेमीकंडक्टर निर्माण और ई-कचरे से पर्यावरण को होने वाले नुकसान के प्रति आगाह किया। महोत्सव के दौरान साइकलोदय, सतत जीवनशैली और कचरा प्रबंधन पर विशेष सत्र हुए। वलसाड से आए 'रिसाइकिल मैन ऑफ इंडिया' बिनिश देसाई ने कचरे से उपयोगी सामग्री बनाने के तरीके बताए।

### भूविज्ञान परिसर में रोपे 101 पौधे

महोत्सव के दौरान भूविज्ञान अध्ययनशाला परिसर में 101 पौधे रोपे गए। विभागाध्यक्ष पवनेंद्र तिवारी और राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी शिवी भसीन के नेतृत्व में पौधे लगाने के साथ उनकी जियो टैगिंग की गई और आजीवन देखभाल का संकल्प लिया गया। पर्यावरण प्रश्नोत्तरी के विजेता मृत्युंजय बडोले, अली खान, सूरज सोलंकी, उपेंद्र धाकड़, जितेंद्र कटारा, सायंतन मैती, साक्षी राज, राजेंद्र तंवर, कृष्णपाल रावत और आदित्य लोखंडे को 'निर्मल निर्माण' स्टार्टअप के तहत महाकाल मंदिर के फूलों से बनी ईको-फ्रेंडली अगरबत्ती और धूप भेंट की गई।

### नवोदित बाल कवियों का हुआ सम्मान, डॉ. अजय कीर्ति जैन के आतिथ्य में संपन्न हुआ आयोजन

# बेटी क्या-क्या होती है... गोष्ठी में कवियों ने बांधा समां

### कवियों ने प्रस्तुत की एक से बढ़कर एक रचनाएं

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



जैन कवि संगम की मासिक काव्य गोष्ठी प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. अजय कीर्ति जैन के मुख्य आतिथ्य और संस्था के प्रदेश अध्यक्ष सुगनचंद जैन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यक्रम में वरिष्ठ रचनाकारों के साथ ही नवोदित कवियों ने अपनी कविताओं और गजलों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान बाल कवियों का सम्मान भी किया गया।

गोष्ठी का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन और मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। सरस्वती वंदना संगीता तल्लेरा और डॉ. खुशबू बाफना ने प्रस्तुत की। अतिथियों द्वारा सभी उपस्थित कवियों का सम्मान किया गया।

काव्य पाठ के दौर में अध्यक्ष सुगनचंद जैन ने बेटियों को समर्पित अपनी रचना 'गीत सुनाता हूं मैं बेटी क्या-क्या होती है, बेटी हीरा, पन्ना, सोना, माणक मोती है' सुनाकर दाद बटोरी। मुख्य अतिथि डॉ. अजय कीर्ति जैन ने 'अगर तुझे कुछ लिखना है तो सपनो का सच होना लिख' प्रस्तुत की। नवोदित कवयित्री प्रियल जैन ने 'मेरे सपनों को जब देखेगी दुनिया तो मेरी कामयाबी बोलेगी' और भव्य जैन ने 'डगमगाया रण, तो निश्चित है मरण' का पाठ किया। डॉ. खुशबू बाफना ने कहा कि कलम की ताकत को वही समझ सकता है, जिसने उसे हाथ से नहीं अंतरात्मा से उठाया। दिलीप जैन ने अपनी गजल 'पांव में छाले हैं, लबों पे ताले हैं, दिलों में छत्ते हैं दिमाग में जाले हैं' पेश की। भारती जैन ने समय की महत्ता पर 'समय है आत्मा जो समझ ले वह बन जाता परमात्मा' सुनाई।

राकेश खेमसरा ने 'सीधे-साधे इंसानों को आते हैं बहकाने लोग' सुनाकर तालियां बटोरी। संगीता तल्लेरा ने स्त्री के मन की विशालता का वर्णन करते हुए कहा कि स्त्री का मन विशाल आकाश सा अनंत है, जिसमें भावों की सीमा नहीं होती। राकेश चौरड़िया ने 'वक्त कितना बचा यह पता ही नहीं, और ख्वाहिशे कभी कम होती ही नहीं' और आलोक जैन ने 'नए-नए मौसम के पंछी अब सिमटना छोड़ दो' सुनाकर समां बांधा। कवि अनिल पांचाल सेवक ने अवंतिका नगरी की महिमा का गुणगान किया। वहीं, योगेंद्र बेनाडा ने 'मम्मी पापा बच्चों से होते नहीं कभी नाराज, सजग करने के लिए देते हैं सिर्फ आवाज' का शानदार वाचन किया। आयोजन के दौरान दो नवोदित बाल कवियों प्रियल जैन और भव्य जैन को उनकी शानदार प्रस्तुति के लिए स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन योगेंद्र बैनाड़ा ने किया और आभार संस्था अध्यक्ष सुगनचंद जैन ने माना।

# दशहरा मैदान में गूंजे श्रीराम के जयकारे, धूमधाम से मना जन्मोत्सव



### नौ दिवसीय श्रीराम कथा में संत कुलदीप महाराज ने सुनाए आदर्श जीवन के प्रसंग, उमड़े हजारों श्रद्धालु

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

दशहरा मैदान में चल रही नौ दिवसीय श्रीराम कथा के तीसरे दिन सोमवार को उल्लास के साथ श्रीराम जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान भजनों और भगवान के जयघोष से पूरा आयोजन स्थल भक्तिमय हो उठा।

कथावाचक संत कुलदीप महाराज ने भगवान श्रीराम के दिव्य चरित्र और उनके आदर्श जीवन से जुड़े प्रेरणादायक प्रसंगों का वर्णन किया। कथा का श्रवण करने के लिए शहर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

मीडिया प्रभारी शिवम भार्गव ने बताया कि अजीत गुप्ता के संयोजन में आयोजित यह धार्मिक महोत्सव 14 जून तक चलेगा। प्रतिदिन शाम 4 बजे से कथा शुरू होती है। आयोजक मंडल ने सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से आयोजन में पहुंचकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उद्योगे नास्ति दारिद्रयं जपतो नास्ति पातकम्।
मौनेन कलहो नास्ति जागृतस्य च न भयम्॥
अर्थः उद्यम से दरिद्रता तथा जप से पाप दूर होता है। मौन रहने से कलह और जागते रहने से भय नहीं होता।

## खबर एक नजर...

### भाई ने मोबाइल पर कॉल कर ड्राइवर को बुलाया और चाकू से कर दिया हमला

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में युवती से बातचीत और दोस्ती को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि युवती के भाई ने एक ड्राइवर पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में युवक घायल हो गया, जिसे उसके दोस्त निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बाणगंगा थाना पुलिस के मुताबिक अभिषेक पाल ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह पेशे से ड्राइवर है और उसकी दोस्ती आरोपी शिवम की बहन से थी। रविवार रात उसके मोबाइल पर युवती का मिस कॉल आया था। बाद में जब उसने वापस कॉल किया तो शिवम फोन पर अपशब्द कहने लगा। अभिषेक के अनुसार देर रात शिवम उसके घर पहुंचा और बाहर बुलाकर बहन से बात करने को लेकर नाराजगी जताई। इसके बाद दोनों ने बातचीत के लिए नवचेतन स्कूल के पास मिलने का तय किया। अभिषेक अपने दोस्त प्रमोद साहू के साथ वहां पहुंचा था। शिकायत के मुताबिक बातचीत के दौरान अचानक शिवम ने चाकू निकालकर अभिषेक पर हमला कर दिया। इसके बाद उसने एक पत्थर उठाकर अभिषेक के चेहरे पर भी मार दिया। हमले में घायल अभिषेक को उसके दोस्त तुरंत निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। उपचार के दौरान परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायल के बयान के आधार पर आरोपी शिवम के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है और मामले की जांच की जा रही है।

### ऑनलाइन पेमेंट को लेकर सीएनजी पंप पर विवाद, मैनेजर-गार्ड पर केस दर्ज

**इंदौर।** भंवरकुआ में अवंतिका कंपनी के सीएनजी पंप पर ऑनलाइन पेमेंट नहीं होने के चलते कार सवार दो युवकों का स्टाफ से विवाद हो गया। इस दौरान मैनेजर ने मारपीट कर दी। वहीं, मौके पर मौजूद गार्ड ने बंदूक की बट से एक युवक के सिर पर हमला कर दिया। घायल युवक को उसका साथी निजी अस्पताल लेकर पहुंचा। पुलिस ने बयान के आधार पर मैनेजर और सुरक्षा गार्ड को आरोपी बनाया है। भंवरकुआ पुलिस ने अनिमेष पुत्र अर्जुन राठौर, निवासी सी-द्वारकापुरी की शिकायत पर राजीव गांधी चौराहे स्थित अवंतिका पेट्रोल पंप के मैनेजर और गार्ड के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, रविवार रात करीब 12:30 बजे अनिमेष अपने साथी भावेश कांटे के साथ कार में गैस भरवाने पंप पर पहुंचा था। गैस भराने के बाद ऑनलाइन पेमेंट नहीं होने के कारण उसकी पंप के मैनेजर से कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर मैनेजर ने अपशब्द कहते हुए मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान वहां मौजूद गार्ड भी विवाद में शामिल हो गया। उसने अपनी बंदूक की बट से अनिमेष के सिर पर वार कर दिया। हमले में अनिमेष के सिर से खून निकलने लगा और वह बेहोश होकर गिर पड़ा। इसके बाद भावेश अपने साथी को अन्नपूर्णा क्षेत्र के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचा। सूचना मिलने पर देर रात भंवरकुआ पुलिस अस्पताल पहुंची और घायल के बयान दर्ज किए। बयान के आधार पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस सोमवार को पेट्रोल पंप के सीसीटीवी फुटेज खंगालेगी। फिलहाल मैनेजर और गार्ड दोनों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

### इंदौर में तापमान में इजाफा, अब उमस भी बढ़ी

**इंदौर।** इंदौर में दो दिन से मौसम साफ है। इसके साथ ही पिछले 24 घंटों में दिन और रात के तापमान में 1 डिग्री का इजाफा हुआ है और उमस भी बढ़ी है। सोमवार सुबह से मौसम पूरी तरह साफ है। मौसम वैज्ञानिकों ने एक-दो दिन ऐसा ही मौसम बने रहने के आसार जताए हैं। इस दौरान उमस का दौर भी जारी रहेगा। शनिवार को दिन का तापमान 37.4 (-2) डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। इसके बाद रविवार को इसमें 1 डिग्री का उछाल रहा और तापमान 38.8 (0) डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इस तरह दिन का तापमान अब सामान्य है। ऐसे ही शनिवार को रात का तापमान 25.8 (0) डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। रविवार रात के तापमान 1 डिग्री बढ़कर 26.0 (+1) डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस बीच रविवार को मानसून ने महाराष्ट्र में आमद दे दी। ऐसे में अनुमान है कि एमपी में मानसून 15 से 18 जून के बीच दस्तक दे सकता है। वैसे प्रदेश में मानसून के आने की तारीख 15 जून है। पिछले साल एक दिन लेट 16 जून को मानसून की एंट्री हुई थी।

### पिता की फटकार के बाद युवक ने लगाई फांसी

**इंदौर।** हीरानगर क्षेत्र में एक रोलिंग मिल कर्मचारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि युवक रविवार देर रात शराब पीकर घर पहुंचा था, जिसके बाद पिता ने उसे समझाइश दी थी। इसके कुछ देर बाद उसने कमरे में फांसी लगा ली। हीरानगर पुलिस के अनुसार सूरज नगर निवासी अनिल लोधी (26) पुत्र लक्ष्मण लोधी ने रविवार रात करीब 11 बजे अपने घर में फांसी लगा ली। घटना के समय उसकी पत्नी अपनी ननद के साथ बाहर टहलने गई हुई थी। लौटने पर उसने अनिल को फंदे पर लटका देखा। पिता लक्ष्मण लोधी ने पुलिस को बताया कि अनिल की शादी इसी साल 1 अप्रैल को हुई थी। रविवार रात वह ठेकेदार के साथ शराब पीकर घर आया था। इस पर उन्होंने उसे फटकार लगाते हुए कहा था कि अभी नई-नई शादी हुई है, इस तरह की आदतों से पत्नी भी उसे छोड़ सकती है। इसके बाद अनिल अपने कमरे में चला गया और आत्मघाती कदम उठा लिया।

46 करोड़ का एमआर-11 निर्माण की धीमी गति से दर्जनों टाउनशिप के रहवासी पहले ही परेशान थे

# पाइप लाइन बिछाने के लिए फिर खोदकर पटक दिया

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

46 करोड़ का एमआर-11 निर्माण की धीमी गति से दर्जनों टाउनशिप के रहवासी पहले ही परेशान थे, अब सौ मीटर हिस्सा फिर खोदकर पटक दिया है। निपानिया चौराहे से होली क्रॉस स्कूल तक के हिस्से में रोड खोदकर पाइप लाइन बिछाई जा रही है।

सुबह और शाम के वक्त यहां रोड नहीं होने, गहरे गड्ढे होने, जगह-जगह पानी जमा होने से वाहन रेंगते हुए निकलते हैं। स्ट्रीट लाइट भी पूरी तरह बंद है। अंधेरे में दो पहिया वाहन चालकों का निकलना खतरे से खाली नहीं रहता है। सड़क पर दो जगह पहले ही बॉटलनेक की स्थिति बनने से ट्रैफिक जाम होता है।



आधा किमी का हिस्सा पार करने में लग रहे 8-10 मिनट संकरी रोड पर ट्रक, बस, कंटेनर भी गुजर रहे हैं। आधा किलोमीटर का हिस्सा पार करने में ही 8 से 10 मिनट लग जाते हैं। इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा इस रोड को बनवाया जा रहा है। प्रभारी इंजीनियर पंकज वैशंपायन का कहना है कि मुझे यह प्रोजेक्ट अभी मिला है। बनी हुई रोड क्यों खोदना पड़ी, इसकी जांच करवाता हूं।

अलाइनमेंट भी गड़बड़ है निपानिया से लेकर बायपास तक के हिस्से की रोड लहराती हुई बन रही है। आवासीय, व्यावसायिक उपयोग के नक्शे पास होने के बाद नगर निगम और पूर्व में पंचायत से भी डिटेल प्लानिंग मंजूर हो गई। लोगों ने उस हिसाब से निर्माण भी कर लिए। अब जब रोड बनना शुरू हुई तो उसके लिए जगह ही नहीं बची।

हर जगह हादसे का खतरा डामर की रोड को खोदकर उसे आरसीसी की बनाने के लिए फाउंडेशन तैयार किए गए थे। बाद में फाउंडेशन को खोदकर सीधे आरसीसी की रोड बना दी गई। रहवासियों का कहना है अधूरी रोड की वजह से दो साल से परेशान हो रहे हैं। कहीं भी स्ट्रीट लाइट नहीं है।

### पहले भी कई बार निर्माण के बाद हुई है तोड़फोड़

- भंवरकुआं चौराहा (रोटरी और बीआरटीएस रीडिजाइन)। अक्टूबर से दिसंबर 2022। भंवरकुआं चौराहे के चौड़ीकरण का काम चल रहा था। नगर निगम ने यहां एक बड़ी रोटरी (सर्किल) और डिवाइडर बनाकर डामरीकरण कर दिया। अक्टूबर 2022 में ट्रैफिक जाम होने पर फिर खोदा।
- रीगल चौराहा से पलासिया (मल्टी-यूटिलिटी और केबल डक्ट)। मार्च से मई 2023। प्रवासी भारतीय सम्मेलन (जनवरी 2023) और जी-20 समिट के चलते इस वीआईपी रोड को रातोरात चमकाया गया था। समिट खत्म होते ही अंडरग्राउंड बिजली लाइनों के लिए अप्रैल और मई 2023 में बनी बनाई सड़क को फिर से खोद दिया गया।
- सुपर कॉरिडोर। जुलाई से सितंबर 2021। सुपर कॉरिडोर पर जब मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने पिलर के लिए सॉइल टेस्टिंग और पाइलिंग का काम तेज किया, तब पता चला ड्रेनेज और नर्मदा वाटर सप्लाय की लाइनें पिलर के बीच में आ रही हैं। अगस्त 2021 में मानसून के दौरान ही फिर खुदाई की।

एमपी लीग में रोमांचक मुकाबले

# इंदौर पिंक पैंथर्स ने बनाया बड़ा स्कोर

## सुराना ने 17 गेंदों में जमाया अर्धशतक, मालवा स्टैलियंस को हराया

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

दिन का तीसरा और सबसे चर्चित मैच मालवा स्टैलियंस और इंदौर पिंक पैंथर्स के बीच होलकर स्टेडियम में खेला गया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए इंदौर पिंक पैंथर्स की टीम ने 5 विकेट खोकर 229 रन बनाए। वेंक्टेश अय्यर(54) ने ताबड़तोड़ अर्धशतक जमाया। वहीं सुराना ने 17 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया और नाबाद रहे। वहीं मालवा स्टैलियंस ने 9 विकेट खोकर 198 रन बनाए। इस तरह इंदौर की टीम ने 31 रनों से मैच जीत लिया।

**बुंदेलखंड ने भोपाल को हराया-** इसके पूर्व डेली कॉलेज ग्राउंड पर खेले जा रहे मैच में भोपाल लेपर्ड्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 197/3 रन बनाए। टीम की ओर से बल्लेबाजों ने आक्रामक प्रदर्शन किया और बुंदेलखंड बुल्स के सामने 198 रन का बड़ा लक्ष्य रखा। जवाब में उतरी बुंदेलखंड बुल्स ने लक्ष्य हासिल कर लिया।




**चंबल घड़ियाल ने उज्जैन फाल्कन्स को हराया-** होलकर स्टेडियम में खेले जा रहे मुकाबले में उज्जैन फाल्कन्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। चंबल घड़ियाल्स ने मजबूत बल्लेबाजी करते हुए 192 रन बनाए। जवाब में उतरी उज्जैन की टीम लक्ष्य से 7 रन पीछे रह गई। इस तरह चंबल ने मैच 7 रन से जीत लिया।




जाम गेट पर चलती कार में आग, धू-धूकर जली

## चार लोगों ने कूदकर बचाई जान



ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

महू के बड़गोंदा थाना क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध पर्यटक स्थल जाम गेट पर सोमवार दोपहर करीब 12 बजे चलती कार में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि पूरी कार लपटों की चपेट में आ गई। कार में सवार चार लोगों ने कूदकर अपनी जान बचाई, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार सवार महेश्वर से घाट चढ़कर जाम गेट की ओर आ रहे थे। जाम गेट के पास पहुंचते ही कार से धुआं निकलने लगा और कुछ ही पलों में आग भड़क उठी। स्थिति को भांपते हुए कार में सवार चारों लोग तुरंत वाहन से बाहर निकल गए।

आग इतनी तेज थी कि देखते ही देखते पूरी कार जलकर खाक हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन लपटें लगातार बढ़ती रहीं। घटना की सूचना संबंधित विभाग को दी गई। इस दौरान जाम गेट मार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण तकनीकी खराबी बताया जा रहा है।

लक्ष्मीबाई नगर में रीमॉडलिंग

## 11 जून को चार ट्रेनें निरस्त, 8 डेमू ट्रेनें होंगी शॉर्ट टर्मिनेट, आज से 11 गाड़ियां डायवर्ट

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन के यार्ड रीमॉडलिंग के कारण 11 जून को इंदौर स्टेशन आने-जाने वाली ज्यादातर ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। रेलवे पीआरओ मुकेश कुमार ने कहा, रेलवे ने इंदौर-उज्जैन के बीच चलने वाली चार पैसेंजर ट्रेनों को निरस्त किया है। महू-इंदौर-रतलाम के बीच आठ डेमू ट्रेनें शॉर्ट टर्मिनेट, शॉर्ट ओरिजिनेट होंगी। वहीं, 9 से 11 जून के बीच लंबी दूरी की 11 ट्रेनें डायवर्ट होंगी।

### 11 जून को ये ट्रेनें रहेंगी निरस्त

- 69211 : उज्जैन-इंदौर पैसेंजर।
- 69212 : इंदौर-उज्जैन पैसेंजर।
- 69213 : उज्जैन-इंदौर पैसेंजर।
- 69214 : इंदौर-उज्जैन पैसेंजर।
- 79306 : रतलाम-महू डेमू लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होंगी। ट्रेन लक्ष्मीबाई नगर-महू के बीच निरस्त रहेगी।

### 11 जून को यह ट्रेनें रहेंगी शॉर्ट टर्मिनेट/ शॉर्ट ओरिजिनेट

- 79305 : महू-रतलाम डेमू ट्रेन लक्ष्मीबाई नगर से चलेगी। यह महू-लक्ष्मीबाई नगर के बीच निरस्त रहेगी।
- 79310 : रतलाम-महू डेमू ट्रेन लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होंगी। यह ट्रेन लक्ष्मीबाई नगर-महू के बीच निरस्त रहेगी।
- 79309 : महू-रतलाम डेमू ट्रेन लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन से चलेगी। महू से लक्ष्मीबाई नगर के बीच निरस्त रहेगी।
- 79314 : रतलाम-महू डेमू ट्रेन लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी। यह ट्रेन लक्ष्मीबाई नगर-महू के बीच निरस्त रहेगी।
- 79313 : महू-रतलाम डेमू ट्रेन लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन से चलेगी। यह ट्रेन महू से लक्ष्मीबाई नगर के बीच निरस्त रहेगी।
- 79318 : रतलाम-महू डेमू लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी। यह लक्ष्मीबाईनगर-महू के बीच निरस्त रहेगी।
- 79317 : महू-रतलाम डेमू ट्रेन लक्ष्मीबाई नगर से चलेगी।

साथी के परिजनों पर घर में घुसकर हमला करने का आरोप; इंदौर डीसीपी से सुरक्षा की गुहार

## सहेली के साथ रहने की जिद पर युवती से मारपीट

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के द्वारकापुरी क्षेत्र में दो युवतियों की दोस्ती और साथ रहने की इच्छा को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। एक युवती ने आरोप लगाया है कि उसकी सहेली के परिजनों ने घर में घुसकर उसके साथ मारपीट की। मामले में द्वारकापुरी पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। घटना रविवार देर रात की है।

द्वारकापुरी पुलिस के अनुसार स्वाति नामक युवती की शिकायत पर नितेश, उमेश, कृष्णा और नेहा के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट करने का मामला दर्ज किया गया है। स्वाति का कहना है कि उसकी एक युवती से पिछले पांच सालों से दोस्ती है और दोनों साथ रहना चाहती हैं।

**वैष्णो देवी यात्रा के बाद बढ़ा विवाद-** शिकायत के मुताबिक दोनों युवतियां मार्च महीने में वैष्णो देवी, मथुरा, जम्मू-कश्मीर और हरिद्वार घूमने गई थीं। इसके बाद सहेली के पति और परिजनों को उनके रिश्ते पर आपत्ति होने लगी। आरोप है कि रविवार और सोमवार की दरमियानी रात करीब 12:30 बजे सहेली के परिजन उसके घर पहुंचे और विवाद शुरू कर दिया।



पीड़िता का आरोप है कि उमेश ने उसका सिर दीवार से टकराया, जबकि अन्य आरोपियों ने हाथ-मुक्कों से मारपीट की। बाद में उसे घर से बाहर सड़क पर लाकर भी पीटा गया। घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में भी कैद होने की बात कही गई है।

**पुलिस कमिश्नर से भी की थी शिकायत-** स्वाति ने बताया कि वह और उसकी सहेली पहले भी पुलिस कमिश्नर से मिलकर साथ रहने और सुरक्षा की मांग कर चुकी हैं। उनकी शिकायत महिला थाने को भेजी गई थी। पीड़िता का आरोप है कि वहां उन्हें अलग होने की सलाह दी गई। बाद में सहेली को उसके परिजन अपने साथ ले गए थे, लेकिन वह फिर स्वाति के पास लौट आई।

**जान का खतरा होने का दावा-** दोनों युवतियों का कहना है कि उन्हें अपने परिवारों से जान का खतरा है। मारपीट की घटना के बाद दोनों ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। सोमवार को वे अपनी शिकायत लेकर डीसीपी जोन-4 कार्यालय भी पहुंचीं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सूखती बावड़ियों व गिरते भूजल पर हाईकोर्ट सख्त, बैकफुट पर निगम, बचाव में कहा- बड़े पैमाने पर कार्रवाई की जा रही

# 10 हजार से अधिक नोटिस जारी किए, शहर में 288 रिचार्ज शॉफ्ट बनाए, 24 चैनलों की सफाई जारी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

शहर में गहराते जल संकट और गिरते भूजल स्तर को लेकर हाई कोर्ट में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान नगर निगम ने विस्तृत शपथ पत्र पेश किया है। निगम का दावा है कि जल संरक्षण, भूजल पुनर्भरण और वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने के लिए बड़े पैमाने पर कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत 10 हजार से अधिक नोटिस जारी किए गए, 288 रिचार्ज शॉफ्ट बनाए गए और 24 चैनल की सफाई का काम चल रहा है।

राजलक्ष्मी फाउंडेशन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अजय बागड़िया ने जनहित याचिका दायर कर शहर में सूखते जलस्त्रोतों, गिरते भूजल स्तर और वर्षा जल संरक्षण नियमों के कमजोर क्रियान्वयन का मुद्दा उठाया था। पिछली सुनवाई में हाई कोर्ट ने निगम से पूछा था कि अंतरिम राहत संबंधी मांगों पर अब तक क्या कार्रवाई की गई है। इसके जवाब में निगम ने कार्यपालन यंत्री अश्विन जनवदे के माध्यम से शपथ पत्र प्रस्तुत किया।



**17 अप्रैल को जारी किया गया था सार्वजनिक नोटिस-** निगम ने कोर्ट को बताया 17 अप्रैल 2026 को समाचार पत्रों में सार्वजनिक सूचना जारी कर नागरिकों, संस्थानों और भवन स्वामियों से रेन वाटर हार्वेस्टिंग और भूजल पुनर्भरण संरचनाएं बनाने की अपील की गई थी। यह अभियान 30 जून तक जारी रहेगा।

**अगली सुनवाई में पानी की जमीनी स्थिति पर हो सकती है चर्चा-** अब नगर निगम के जवाब के बाद हाई कोर्ट यह परीक्षण करेगा कि प्रस्तुत किए गए उपाय पर्याप्त हैं या नहीं एवं शहर को संभावित जल संकट से बचाने के लिए और कौन से कदम आवश्यक हैं। मामले की अगली सुनवाई में निगम द्वारा किए गए कार्यों की प्रभावशीलता और जमीनी स्थिति पर भी चर्चा होने की संभावना है।

### जल संरक्षण नहीं करने पर 10 हजार से अधिक नोटिस जारी

शपथ पत्र के अनुसार जल संरक्षण नहीं करने पर इस वर्ष शासकीय कार्यालयों, स्कूल-कॉलेजों, निजी संस्थानों और भवन स्वामियों को करीब 10 हजार नोटिस जारी किए गए हैं। निगम का दावा है कि वर्ष 2025-26 में जनभागीदारी और कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के माध्यम से 288 रिचार्ज शाफ्ट बनाए गए हैं। इनकी सूची और तस्वीरें भी कोर्ट को सौंपी गई हैं। जलाशयों को आपस में जोड़ने वाले प्राकृतिक और कृत्रिम चैनलों की सफाई को लेकर निगम ने कहा कि शहर के महत्वपूर्ण जलस्त्रोतों से जुड़े 24 चैनलों की सफाई और डी-सिल्टिंग का कार्य किया जा रहा है। 26 मई 2026 तक किए गए कार्यों का विवरण व जियो-टैग्ड फोटोग्राफ भी कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किए गए हैं।

### याचिका में उठाए जल संकट के मुद्दे, ठोक कदम उठाने की मांग

जनहित याचिका में कहा गया था कि इंदौर में लगातार गिरते भूजल स्तर, सूखते कुएं-बावड़ियां, वर्षा जल संचयन नियमों के कमजोर पालन एवं जलस्त्रोतों के संरक्षण में लापरवाही के कारण भविष्य में गंभीर जल संकट की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। याचिकाकर्ता संस्था ने कोर्ट से प्रभावी जल संरक्षण उपायों के लिए निर्देश जारी करने की मांग की है।

## पुलिस पेंशनर्स संघ द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता शिविर का आयोजन

**मंदसौर।** स्थानीय गांधी चौराहा पर पुलिस पेंशनर्स संघ मध्य प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष एमपी सिंह परिहार के नेतृत्व में एक नशा मुक्ति जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में दशपुर जागृति संगठन, ब्रह्म परिषद और राजपूत सिंह सभा जैसे कई सामाजिक संगठनों ने हिस्सा लिया। उपस्थित वक्ताओं ने युवा पीढ़ी और समाज में बढ़ती नशे की लत और उसके दुष्परिणामों पर चिंता व्यक्त की। इस दौरान प्रांतीय अध्यक्ष ने गीत के माध्यम से और अन्य सदस्यों ने स्लोगन व करीब 500 पंपलेट बांटकर लोगों को जागरूक किया। पुलिस पेंशनर्स संघ पहले भी इस तरह के शिविर और नुक्कड़ सभाएं आयोजित करता रहा है। कार्यक्रम में नगर के कई वरिष्ठ समाजसेवियों, पत्रकारों और गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की और अंत में सभी ने नशे के खिलाफ अभियान चलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन कार्यवाहक अध्यक्ष ब्रजेश दुबे द्वारा किया गया।

## पं. खुशीराम महाराज के मुखारविंद से सात दिवसीय श्री भक्तमाल कथा 9 से

**पिपलिया मंडी।** स्थानीय सत्य सनातन धर्म सेवा समिति एवं नगर वासियों के संयुक्त तत्वाधान में 9 जून रविवार से 15 जून सोमवार को 7 दिवसीय श्री भक्तमाल कथा का आयोजन स्थानीय बालाजी मंदिर परिसर में शाम 7 बजे से रात्रि 10.30 बजे तक वृंदावन के पंडित खुशीराम जी महाराज के मुखारविंद से आयोजन रखा जाएगा। इसी उपलक्ष्य में प्रथम दिन 9 जून को स्टेशन बालाजी से टिलाखेड़ा बालाजी तक पोथी व कलश यात्रा का आयोजन रखा गया है। 15 जून सोमवार को यज्ञ पूणार्हुति के साथ कथा का समापन होगा। सेवा समिति ने समस्त श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेवे।

## लायंस क्लब मन्दसौर स्टार की नवीन कार्यकारिणी घोषित

**मन्दसौर।** लायंस क्लब मंदसौर स्टार की एक बैठक में लायन वर्ष 2026-27 के लिए सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। इस नवगठित टीम में अंजली शाह को अध्यक्ष, किरण रावका को सचिव और हिमशिखा पिपलानी को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक में क्लब संस्थापक अध्यक्ष कविता मिंडा के प्रांत की सेक्रेटेरियेट टीम में डिस्ट्रिक्ट पब्लिक रिलेशन एंड लायंस इनफार्मेशन चेयरपर्सन एवं पूर्व अध्यक्ष सोनाली जैन के डिस्ट्रिक्ट प्राइम प्रोग्राम-अवर नेशन चेयरपर्सन नियुक्त होने पर सभी सदस्यों ने खुशी और गौरव व्यक्त किया। क्लब की वर्तमान अध्यक्ष सीमा अरोरा ने सभी नव-मनोनीत पदाधिकारियों को बधाई दी।

## वन्यजीव तेन्दूआ (शावक) मादा का रेस्क्यू

**बड़वानी।** वनमण्डलाधिकारी सामान्य वनमण्डल बडवानी वनमण्डल (सा.) से प्राप्त जानकारी अनुसार बडवानी जिले के अन्तर्गत वनपरिक्षेत्र राजपुर की बीट अंजड के राजस्व ग्राम गोलाटा में श्री शंकर केवट के खेत में 8 जून को एक वन्यजीव तेन्दुआ (शावक) की उपस्थिति की सचूना प्राप्त होने पर संबंधित वन आमला मौका स्थल ग्राम गोलाटा तहसील अंजड जिला बडवानी में उपस्थित होकर एक मादा तेन्दूआ शावक जिसकी उम्र लगभग 1 माह का पाया गया। मौके पर रहकर तेन्दूआ शावक पर नजर रखी गई एवं उसकी माँ के आने का इन्तजार किया गया। यह पाया गया की तेन्दूआ शावक बहुत कमजोर व चलने फिरने में असमर्थ है। वन्जीव तेन्दूआ शावक का वनमण्डल स्तरीय रेस्क्यू दल द्वारा रेस्क्यू कर वनमण्डल के ईको सेन्टर केम्पस में पशु चिकित्सक से जांच कराई गई। पशु चिकित्सक द्वारा वन्यजीव तेन्दूआ शावक को भोजन एवं पानी की कमी होना बताया गया है तथा तेन्दूआ शावक की हालत स्थिर होना बताया गया। तेन्दूआ शावक का पशु चिकित्सक से परीक्षण कराने के बाद उसकी माँ से मिलाने का प्रयत्न किया जा रहा है।

## रोजगार की पढाई, चलो आईटीआई

**बड़वानी .** रोजगार की पढाई, चलो आईटीआई बडवानी क्षेत्र के युवाओं को स्वावलंबी बनाने और उन्हें तकनीकी रूप से कुशल कर रोजगार के नए अवसरों से जोडने के लिए शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बडवानी के द्वारा एक अनूठी पहल शुरू की गई है। रात्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू होते ही. ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओ को जागरूक और प्रेरित करने के लिए प्राचार्य श्री केतन मालवीया यो मार्गदर्शन में विशेष स्टाफ टीमों का गठन किया गया है। ये टीमें बडवानी जिला बडवानी के विभिन्न गांवों और दूर-दराज के अंचलों में घर-घर और चौपालों तक पहुंचकर युवाओं को आईटीआई शिक्षा की महत्ता समझा रही है। रोजगार और हुनर की राह दिखा रहा स्टाफ संस्था के प्राचार्य श्री केतन मालवीया ने बताया कि अक्सर ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभावन विद्याार्थियों को सही समय पर सही मार्गदर्शन नही मिल पाता है इसी कमी को दूर करने के लिए आईटीआई का प्रशिक्षित स्टाफ गांव-गांव जाकर चौपालों और हाट बाजारों में युवाओं से सीधा संवाद कर रहा है। स्टाफ द्वारा युवाओं को बताया जा रहा है कि पारपिक पढ़ाई के मुकाबले तकनीकी शिक्षा किस प्रकार कम समय और कम सार्च में शत-प्रतिशत रोजगार की गारंटी देती है। ग्रामीणों को वर्तमान में मांग के चल रहे टेड्स जैसे इलेक्ट्रिशियन, इलेक्ट्रिशियन डीएसटी, फिटर, टर्नर, कोपा, वेल्डर, मैकेनिक डीजल, स्टेनोग्राफर हिन्दी के महत्व और भविष्य में इनकी उपयोगिता की जानकारी दी।

# सेवा के क्षेत्र में रोटरी ने दुनिया में स्वयं को सर्वश्रेष्ठ स्थान पर स्थापित किया - मंत्री चेतन्य काश्यप

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ रतलाम



केबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप ने विधायक निधि से प्रदत्त कार्डियक एम्बुलेंस का समारोह पूर्वक लोकार्पण किया। रोटरी क्लब रतलाम मंडल 3040 एव रोटरी सोश्यल वेलफेयर चैरिटेबल ट्रस्ट रतलाम द्वारा आयोजित समारोह में रोटरी मंडलाध्यक्ष सुखदेव सिह घुम्मन एवं संस्कार कोठारी विशेष अतिथि रहे ।

मंत्री श्री काश्यप ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि रोटरी क्लब श्रेष्ठ सेवा संस्थान है, इसने सेवा के क्षेत्र में स्वयं को दुनिया में सर्वश्रेष्ठ स्थान पर स्थापित किया है । गंभीर मरीजों को सेवाएं उपलब्ध होना पुनीत कार्य है , जिससे मानव सेवा के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि रतलाम मेडिकल कॉलेज में कार्डियक सर्जरी की सुविधा उपलब्ध कराने के सभी संभव प्रयास किया जा रहे हैं। श्री काश्यप ने पद्मश्री डॉक्टर लीला जोशी द्वारा महिलाओं के एनीमिया से बचाव के लिए किए जा रहे कार्यों तथा गोविंद काकानी द्वारा कोविड काल में की गई सेवाओं की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा आरंभ एयर एंबुलेंस सेवाओं को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि आयुष्मान कार्ड धारी मरीजों के लिए एयर एंबुलेंस की सेवा निशुल्क उपलब्ध है। श्री काश्यप ने कार्डियक एम्बुलेंस को भी पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल की तर्ज पर संचालन की आवश्यकता जताई।

आरंभ में रोटरी सोश्यल वेलफेयर चैरिटेबल ट्रस्ट अध्यक्ष प्रद्युम्न मजावदिया ने बताया कि लोकार्पित एंबुलेंस में अत्याधुनिक संसाधन की व्यवस्था है। इसका संचालन रोटरी ट्रस्ट द्वारा किया जाएगा। एंबुलेंस की लागत 48 लाख 62 हजार रुपए के लगभग है । विधायक निधि से पूर्व में प्राप्त एंबुलेंस द्वारा 3 वर्षों में ढाई हजार से अधिक मरीजों को सेवा उपलब्ध कराते हुए साढे तीन लाख किलोमीटर से अधिक दूरी तय की गई है। एंबुलेंस द्वारा न्यूनतम दरों पर सेवाएं उपलब्ध रहेगी। समारोह में रतलाम विकास प्राधिकरण अध्यक्ष मनोहर पोरवाल , उपाध्यक्ष गोविंद काकानी, पद्मश्री डॉ. लीला जोशी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर संध्या बेलसरे, रोटरी ट्रस्ट सचिव रितेश वोहरा, रोटरी क्लब अध्यक्ष हरीश वर्मा, सचिव दीपक पंत, ट्रस्टी सुशील छाजेड, मुस्तफा स्टेशनवाला, सिद्धार्थ जैन, विपीन पोरवाल, अनूप सेठिया और अशोक तातेड़ सहित अन्य रोटरी पदाधिकारी सदस्य एव विभिन्न गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।अंत में मंत्री श्री काश्यप का अभिनंदन किया गया ।

### 12 से 18 जून तक नगरीय निकायों एवं

# विकासखंड मुख्यालयों पर किए जाएंगे तीन दिवसीय जन कल्याण शिविर आयोजित

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने सोमवार सुबह कलेक्टर कार्यालय सभागृह में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में जिला वन मंडल अधिकारी श्री अनुराग तिवारी, नगर निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्री श्रेयांस कूमट, एडीएम श्री अत्येंद्र सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर श्री शाश्वत शर्मा और विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों की समीक्षा कर जिला आयुष अधिकारी को योग दिवस के आयोजन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने 12 से 18 जून तक शासन के निदेर्शानुसार प्रत्येक नगरीय निकाय एवं विकासखंड मुख्यालयों पर ३ दिवसीय जन कल्याण शिविर लगाने के लिए आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिए। जन कल्याण शिविरों के माध्यम से नागरिकों और पात्र हितग्राहियों को लोक सेवा गारंटी अधिनियम अंतर्गत सभी सेवाएं प्रदान की जाएंगी और शासकीय योजनाओं का लाभ वितरित किया जाएगा। कलेक्टर श्री सिंह ने नागरिकों को शिविर में शासन द्वारा आईसीटी का उपयोग कर किए जा रहे नवाचारों और एमपी ई-सेवा पोर्टल की जानकारी प्रदान करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने मिशन लाइफ अंतर्गत किए जा रहे पौधारोपण कार्य की जानकारी को अंकुर ऐप और मिशन लाइफ पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने कृषि और अन्य सभी संबंधित विभागों के जिला अधिकारियों को जिले के प्रत्येक ब्लॉक की ३ वर्ष की इंटीग्रेटेड कृषि कार्ययोजना बनाकर आगमी ३ दिवस में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने नागरिकों के राहत राशि के प्रकरणों का निराकरण १ माह की समयावधि के अंदर पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने अनुविभागीय अधिकारी, तहसील दारों को निर्देश दिए कि शासकीय जमीनों को अतिक्रमण से मुक्त कराये और भविष्य में वहां वापस अतिक्रमण ना हो यह भी सुनिश्चित करे। उज्जैन ग्रामीण अनुविभागीय अधिकारी द्वारा किए गए नवाचार से 21 बालिकाओं को उच्च शिक्षा के अवसर प्राप्त हुए बैठक में उज्जैन ग्रामीण अनुविभागीय अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि कलेक्टर श्री सिंह के निर्देशन में उनके द्वारा 12वीं कक्षा पास करने वाली ऐसी बालिकाएं जिनके पालक उन्हें आगे पढ़ाने को तैयार नहीं थे, उनके पालकों की काउंसलिंग कर बालिकाओं को उच्च शिक्षा में प्रवेश कराने के लिए पालकों को प्रेरित किया गया। इस नवाचार से 21 बालिकाओं को उच्च शिक्षा में प्रवेश दिलवाया गया।बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के 10 वर्ष पूर्ण होने पर 9 जून को जिलेभर में होंगे विशेष शिविर आयोजित

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में इस महत्वपूर्ण अवसर को जन आंदोलन के रूप में मनाते हुए जिले में विशेष क्करूस्न्र गतिविधियों एवं व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में 9 जून 2026 को जिले की सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अंतर्गत विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला उज्जैन, डॉ. अशोक कुमार पटेल ने बताया कि विशेष शिविर में गर्भवती महिलाओं की गुणवत्तापूर्ण एएनसी जांच, पीएनसी जांच, छूटी हुई एवं नवीन गर्भवती महिलाओं का पंजीयन तथा विशेष रूप से उच्च जोखिम गर्भवती एवं धात्री महिलाओं की पहचान एवं उपचार सुनिश्चित किया जाएगा। इसके साथ ही नवीन एमसीपी कार्ड का वितरण भी किया जाएगा।उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य संस्थाओं में आने वाली सभी गर्भवती महिलाओं का शारीरिक परीक्षण किया जाएगा, जिसमें वजन, ऊंचाई, बीएमआई एमयूएसी , रक्तचाप तथा गर्भावस्था के दौरान प्रति माह वजन में होने वाली वृद्धि की निगरानी शामिल है। साथ ही मेडिकल एवं ऑब्स्टेट्रिक हिस्ट्री की जानकारी ली जाएगी.

## जनजाग्रति संस्था ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतरसिंह कनेश को दिया भावभीनी विदाई

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ बुरहानपुर

समाज सेवा के क्षेत्र में जिले की अग्रणी संस्था जनजाग्रति संस्था बुरहानपुर ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतरसिंह कनेश के बुरहानपुर जिले से अशोक नगर जिले में स्थानांतरण होने पर भावभीना स्वागत और सम्मान किया। जनजाग्रति संस्था बुरहानपुर के संरक्षक व संस्थापक अध्यक्ष महेंद्र जैन, संस्था अध्यक्ष डॉ. किरण सिंह, संस्था उपाध्यक्ष सुनील सलूजा, संस्था कार्यकारिणी सदस्य रजनी गट्टानी, अरुण जोशी एवं विनय सूर्यवंशी ने इस अवसर पर कनेश का स्वागत किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतरसिंह कनेश ने कहा कि जबसे वे बुरहानपुर जिले में पदस्थ हुए, उन्हें ऐसा लगा कि वे अपने गृह नगर में ही कार्य कर रहे हैं। निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि बुरहानपुर जिले की जनता बहुत समझदार, सक्षम है और पुलिस का साथ देने में अग्रणी होकर कार्य करने पर विश्वास रखती है। जब जनता साथ देती है तो उस क्षेत्र में कार्य करने का अपना अच्छा अनुभव प्राप्त होता है। वे जीवन भर बुरहानपुर को नहीं भूल पाएंगे क्योंकि इस जिले में अपनापन, सहयोग और साथ सभी कुछ सभी से मिला है। जिले की जनता से उनका कहना है कि जिले में शांति व्यवस्था कायम करना पुलिस प्रशासन के साथ-साथ जनता का भी कर्तव्य है।

# ओपन फिडे रैपिड रेटिंग चेस चैंपियनशिप-2026 का सफल समापन, खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ बुरहानपुर




प्रथम बुरहानपुर ओपन फिडे रैपिड रेटिंग चेस चैंपियनशिप-2026 का दो दिवसीय भव्य आयोजन उत्सव होटल में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में 6 जून को 5 राउंड और 7 जून को 4 राउंड खेले गए। कुल 9 राउंड की इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आए लगभग 240 खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता बुरहानपुर जिला शतरंज संघ और रोटरी क्लब बुरहानपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रही।

प्रतियोगिता कई मायनों में ऐतिहासिक रही। इसमें 92 रेटेड खिलाड़ियों के साथ-साथ १२६ ऐसे खिलाड़ियों ने भाग लिया जिन्होंने पहली बार किसी फिडे रेटेड प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इससे नए खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय शतरंज की दुनिया में प्रवेश का अवसर मिला। प्रतियोगिता में 1 ग्रैंडमास्टर, 6 इंटरनेशनल मास्टर, 2 फिडे मास्टर तथा कॉमनवेल्थ सिल्वर मेडलिस्ट खिलाड़ियों सहित देश के लगभग 7 राज्यों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। कोलकाता, बेंगलुरु, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों की उपस्थिति ने प्रतियोगिता को राष्ट्रीय पहचान प्रदान की। प्रतियोगिता की कुल पुरस्कार राशि 6 लाख 50 हजार रही। ओपन वर्ग- प्रथम स्थानः अनुज श्रीवास्त्री एक लाख - द्वितीय स्थानः समेद जयकुमार शेटे 75 हजार तृतीय स्थानः त्र्रू रॉय चौधरी सप्तर्षि 50 हजार रुपये है। अवध चैतन्य-25 हजार - दर्शिल अय्यर- 18 हजार - चंदवानी प्रतीक-13 हजार रुपये है। आनंद विश्वकर्मा-17 हजार - सागर पाहुजा- 12 हजार - सत्यम भोंबरे - 9 हजार रुपये है। अन्य प्रमुख वर्ग विजेता- श्रेष्ठ महिला खिलाड़ी (मध्यप्रदेश): अविका पंवार- 3 हजार - श्रेष्ठ महिला खिलाड़ी (बुरहानपुर): शबाना बानो-4 हजार - श्रेष्ठ अनरेटेड खिलाड़ीः भवसार शुभम 5 हजार प्रतियोगिता में अंडर-19, अंडर-15, अंडर-13, अंडर-11, अंडर-9, महिला, वरिष्ठ नागरिक, रेटिंग वर्ग एवं बुरहानपुर तथा मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों के लिए कुल 102 पुरस्कार प्रदान किए गए।

# मालवा प्रांत का दो दिवसीय परिचायक वर्ग सम्पन्न

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ मन्दसौर



भारतीय शिक्षण मण्डल मालवा प्रांत का दो दिवसीय आवासीय परिचायक वर्ग संजीत मार्ग स्थित सरस्वती शिशु मन्दिर में सम्पन्न हुआ जिसमें मन्दसौर, रतलाम व नीमच जिले के सदस्यों ने सहभागिता की। प्रथम दिवस के प्रथम सत्र में अखिल भारतीय अधिकारी पंकज नफाड़े ने बताया कि कार्यकर्ता निर्माण के लिए परिचायक वर्ग अत्यंत आवश्यक है।

संगठन का मुख्य उद्देश्य शिक्षा में भारतीयता का पुनर्जागरण करना है, जिसमें संस्कृति और संस्कारों को महत्व दिया जाए। दूसरे दिन की शुरूआत प्रातः काल योग, प्राणायाम और एकात्मता स्रोत के पाठ से हुई, जिसका संचालन कन्हैया देशमुख ने किया। क्षेत्रीय संयोजक लक्ष्मी कांत त्रिपाठी ने कार्यकताओं को संगठन कार्य सरल तरीके से करने के गुर सिखाए। प्रांत अध्यक्ष माया इंगले ने मंडल संरचना का प्रत्यक्ष प्रयोग कराते हुए बताया कि किसी भी विषय पर आपसी विमर्श और चिंतन के बाद ही समाधान कारक बिंदु निकाले जाने चाहिए। प्रांत मंत्री मनीष देवनानी ने संगठन के पांच आयामों-अनुसंधान, प्रबोधन, प्रशिक्षण, प्रकाशन एवं संगठन की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम में क्षितिज पुरोहित ने व्यवस्था संबंधी चर्चा की, डॉ. अमृता सोनी ने संगठन गीत दोहराया और वर्गाधिकारी श्यामसुन्दर देशमुख ने दोनों दिनों की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए भविष्य की कार्ययोजना पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन शैलेन्द्र आचार्य ने किया व जिला संयोजक विक्रम सिंह सिसौदिया ने आभार माना।

## नागदेवता की बावड़ी पर आज से प्रतिदिन एक घण्टा होगा श्रमदान

**मंदसौर।** जन अभियान परिषद की बैठक जिला समन्वयक तृप्ति बैरागी के निर्देशन में 5 जून से 30 जून तक आयोजित किए जा रहे बावड़ी उत्सव के तहत नागदेवता की बावड़ी पर श्रमदान एवं स्वच्छता गतिविधियों को लेकर आयोजित की गई थी। बैठक में निर्णय लिया गया प्रतिदिन प्रातः 8 से 9 बजे तक सामाजिक कार्यकर्ता एवं वार्डवासी नागदेवता की बावड़ी पर श्रमदान करेंगे।

## कार से 60 किलो डोडाचूरा जब्त, हरियाणा-पंजाब के दो तस्कर गिरफ्तार

मंदसौर। शामगढ़ थाना पुलिस ने दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक सफेद रंग की स्विफ्ट कार और 60 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा जब्त किया है।शामगढ़ पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए ग्राम सकरियाखेड़ी के पास 8-लेन अंडरब्रिज पर चेकिंग के दौरान मारुति स्विफ्ट डिजायर कार क्र. पीबी 01 एफ 7310 को रोका। कार की तलाशी लेने पर उसमें से 60 किलोग्राम डोडाचूरा बरामद हुआ, जिसकी कीमत करीब 1 लाख 20 हजार रुपये आंकी गई है। इसके साथ ही कार भी जब्त कर ली गई है। पुलिस ने कार सवार आरोपी कुलविन्दर सिंह (45) पिता अनोख सिंह, निवासी काकड़ा, थाना समाना मंडी, जिला पटियाला (पंजाब) और जोगासिंह (56) पिता टहलसिंह, निवासी मलिकपुर, थाना गुहला, जिला कैथल (हरियाणा) को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। फिलहाल आरोपियों से डोडाचूरा की खरीद और तस्करी के स्रोतों के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

## खबर एक नजर...

### कालिदास अकादमी द्वितीय युवा संस्कृत सम्मेलन का भव्य समापन

**उज्जैन।** कालिदास संस्कृत अकादमी, उज्जैन द्वारा आयोजित द्वितीय युवा संस्कृत सम्मेलन का रविवार को भव्य समापन समारोह संपन्न हुआ। सम्मेलन के द्वितीय दिवस का कार्यक्रम प्रातः 10.30 बजे मंगलाचरण एवं दीप प्रज्वलन के साथ आरंभ हुआ, जिसमें डॉ. महेंद्र पाण्डेय एवं डॉ. मीनाक्षी सिंह ने दीप प्रज्वलित किया।सत्र का शुभारंभ करते हुए अकादमी के निदेशक डॉ. गोविंद गंधे ने कहा कि संस्कृत हमारी व्यावहारिक भाषा है। संस्कृत को सरल समाधान के रूप में अपनाकर हम देश भर से पधारे संस्कृतज्ञों को अपना जीवन समर्पित कर सकते हैं। उन्होंने संस्कृत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विभिन्न विद्वानों का सम्मान किया। प्रथम सत्र में विद्वानों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। श्री कैलाश किशोर, श्री हरिप्रित मिश्र, श्री राधेश्याम मनु भाई, डॉ. अरुण कुमार पाण्डेय, डॉ. शशिकांत तिवारी, डॉ. मधुसूदन मिश्र, डॉ. सपना चंदेल, डॉ. रविशंकर द्विवेदी, डॉ. सपना कुमार निशाद, डॉ. शशिकांत तिवारी आदि ने संस्कृत साहित्य, काव्यपाठ एवं अपनी रचनाओं का पाठ किया।डॉ. विपिन कुमार द्विवेदी ने कहा कि काव्य ऐसी होनी चाहिए जिससे सुनने में भी अच्छा लगे, शब्दों का चयन सटीक हो। उन्होंने मधुर मधुशाला कविता का पाठ किया। डॉ. शिवकांत तिवारी (पटना) ने महर्षि वाल्मीकि एवं तुलसीदास का स्मरण किया।

### ग्राम उमरिया खालसा में किया गया तालाब गहरीकरण सफलतापूर्वक पूर्ण

**उज्जैन .** जल गंगा संवर्धन अभियान-2026 के अंतर्गत ग्राम पंचायत उमरिया खालसा में तालाब गहरीकरण का कार्य सफलता पूर्वक पूरा किया गया। ग्राम वासियों की सामूहिक भागीदारी और अथक मेहनत से पुराने तालाब को पुनर्जीवित कर जल-आत्मनिर्भरता की एक प्रेरणादायक मिसाल स्थापित की गई है। ग्राम पंचायत उमरिया खालसा की यह उपलब्धि शासन की योजनाओं को ग्रामीण स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने का उत्कृष्ट उदाहरण है। जब ग्राम पंचायत की पूरी टीम, सरपंच, स्टाफ तथा गांव के बच्चे-बूढ़े, किसान-मजदूर सबकी सामूहिक इच्छाशक्ति एकजुट होती है तो परिणाम चमत्कारिक होते हैं। तालाब गहरीकरण के अंतर्गत गाद निकालना, झाड़ी-झंखाड़ हटाना, सफाई एवं संबंधित कार्य किए गए। इस कार्य पर अनुमानित लागत 44 हजार रुपए रही। कार्य की शुरूआत विगत 1 मई को हुई और इसे 15 मई को पूर्ण कर लिया गया। इस दौरान लगभग 8 हजार वर्ग मीटर क्षेत्र को कवर किया गया।तालाब की तली से गाद हटाए जाने के बाद उसकी जल धारण क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिससे वर्षा का पानी बेहतर तरीके से संरक्षित हो सकेगा। आसपास के खेतों की उर्वरता बढ़ने के साथ-साथ कृषि कार्यों और पशुपालन के लिए गर्मियों में भी पर्याप्त पानी उपलब्ध रहेगा। इससे फसल उत्पादन बढ़ने की संभावना है और ग्रामीणों को जल संकट से राहत मिलेगी।

### श्री महावीर हायर सेकेंडरी स्कूल, में शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**आलोट।** विद्यालय एवं विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य तथा शैक्षणिक गुणवत्ता में निरंतर सुधार के उद्देश्य से आज श्री महावीर हायर सेकेंडरी स्कूल, आलोट में सात दिवसीय शिक्षक दक्षता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यालय के प्राचार्य मनोज शर्मा ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बदलते समय के साथ शिक्षकों का ज्ञान एवं कौशल निरंतर अद्यतन होना आवश्यक है। मुख्य अतिथि शांतिलाल तेली ने अपने उद्बोधन में शिक्षक के दायित्व, समाज में उसकी भूमिका तथा सतत सीखते रहने की आवश्यकता पर बल दिया। विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित प्रशिक्षण सत्रों में पूर्व-प्राथमिक विभाग की ओर से सुनीता परमार, प्राथमिक विभाग की ओर से डॉली कदम, माध्यमिक विभाग की ओर से सोनिया दुबे तथा उच्च माध्यमिक विभाग की ओर से नीरज जैन ने अपने-अपने समूहों में हुई चचाओं, सुझावों एवं निष्कर्षों को प्रस्तुत किया।कार्यक्रम का सफल संचालन शिखा शर्मा द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन पुष्कर पाटीदार ने किया।

### नाकोड़ा कॉम्पलेक्स मोबाइल दुकान में चोरी, सीसीटीवी में कैद हुआ चोर

**मन्दसौर।** शहर के नेहरू बस स्टैंड स्थित नाकोड़ा कॉम्प्लेक्स में 7 और 8 जून की दरमियान रात चोरी की वारदात सामने आई है। एक अज्ञात चोर ने कॉम्प्लेक्स की करीब 6 से 8 दुकानों के ताले तोड़ने का प्रयास किया और वह एसएस एंटरप्राइजेज नामक मोबाइल दुकान के अंदर घुसने में कामयाब रहा। चोर ने दुकान का ताला चटकाने के बाद वहां लगे एक सेक्शन ग्लास को करीब आधे से पौने घंटे की मशक्कत के बाद तोड़ दिया और अंदर प्रवेश कर गया। दुकान के मालिक के अनुसार, चोर वहां से करीब 8-10 रिपेयरिंग के लिए आए मोबाइल, कुछ पुराने मोबाइल, एक चालू फोन, पावर बैंक, डिस्प्ले और गल्ले में रखी नकदी समेटकर ले गया। कांच तोड़ने और चोरी की इस वारदात के दौरान अज्ञात आरोपी के पैर में चोट भी लग गई, जिसके कारण घटनास्थल पर खून के निशान मिले हैं। यह पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है, जिसमें एक अकेला चोर ही वारदात को अंजाम देता नजर आ रहा है। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह राठौर मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस के अनुसार सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अज्ञात आरोपी की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं और आसपास के अन्य कैमरों को भी खंगाला जा रहा है।

# आधुनिक उज्जयिनी के शिल्पकार पं. सूर्यनारायण व्यास की 50वीं पुण्यतिथि 22 को, 'पुष्पांजलि' में जुटेंगे शहरवासी

### दिसंबर तक शहर की विभिन्न संस्थाएं करेंगी कई गरिमामय आयोजन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

आधुनिक उज्जयिनी के निमार्ता और शहर के पितृपुरुष पद्मभूषण पंडित सूर्यनारायण व्यास की 50वीं पुण्यतिथि 22 जून को मनाई जाएगी। 22 जून 1976 को उन्होंने देह त्यागी थी। इस वर्ष उनकी पुण्यतिथि को 50 साल पूरे होने पर शहर में कई गरिमामय आयोजन किए जाएंगे। इसका पहला कार्यक्रम 'पुष्पांजलि' 22 जून को कालिदास अकादमी में आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम शाम 5 से 7 बजे के बीच ठीक उसी समय होगा, जब 50 वर्ष पूर्व शहर में सूर्यास्त के साथ उन्होंने अंतिम सांस ली थी।

अखिल भारतीय कालिदास परिषद के अध्यक्ष राजशेखर व्यास ने बताया कि आज की युवा पीढ़ी शायद उनके विराट योगदान से परिचित न हो, लेकिन उज्जैन को विक्रम विश्वविद्यालय, विक्रम कीर्ति




मंदिर, अखिल भारतीय कालिदास समारोह और कालिदास अकादमी जैसी सौगातें पं. व्यास की ही देन हैं। वे सिंधिया शोध प्रतिष्ठान के संस्थापक भी थे। महाकाल मंदिर के सरकारीकरण से पूर्व उन्होंने ही मंदिर में शंख द्वार, चांदी का द्वार और मोजेक टाइल्स लगवाने का कार्य किया था। शिप्रा द्वार और बोहरा वार्ड में बच्चों का अस्पताल भी उन्हीं के प्रयासों का प्रतिफल है। पं. व्यास का कला और साहित्य के क्षेत्र में भी अद्वितीय योगदान रहा। वे पृथ्वीराज कपूर और भारत भूषण जैसे दिग्गज अभिनेताओं को उज्जैन लाए और 'विक्रमादित्य' तथा 'कवि कालिदास' जैसी फीचर फिल्में बनवाईं। उनके योगदान को देखते हुए वर्ष 2002 में उनके 100वें जन्मदिन पर तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने उन पर डाक टिकट भी जारी किया था।

### दिसंबर तक होंगे विविध आयोजन, समिति ने की अपील

पुण्यतिथि वर्ष के तहत जून से दिसंबर 2026 तक शहर में कई भव्य आयोजन होंगे। इनमें भारतीय ज्ञानपीठ, माधव क्लब, अक्षर विश्व, ऋषि मुनि, विक्रम विश्वविद्यालय, विक्रम कीर्ति मंदिर, महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ, प्रेमचंद सृजन पीठ, प्रेस क्लब, टेपा सम्मेलन जिसका नामकरण उन्होंने किया था सहित उनके जन्म स्थान सिंहपुरी स्थित गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज और उनके आवास भारती भवन पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजन समिति के संयोजक डॉ. हरीश कुमार सिंह और मुकेश जोशी ने शहरवासियों से खुले हृदय से इन आयोजनों में शामिल होकर उज्जयिनी के महापुरुष को श्रद्धांजलि अर्पित करने का आग्रह किया है।

# उज्जैन टेंट एसोसिएशन के स्नेह मिलन में जुटे संभागभर के 250 कारोबारी, भोपाल महाधिवेशन का मिला न्योता

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



उज्जैन संभाग अध्यक्ष समीर उल्हक ने जानकारी देते हुए बताया उज्जैन टेंट एसोसिएशन का स्नेह मिलन समारोह समीर गार्डन में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस समारोह में जिले और संभाग भर से लगभग 250 टेंट व्यवसायी शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भोपाल में प्रस्तावित भोजपाल शामियाना महोत्सव प्रादेशिक महाधिवेशन के बारे में विस्तृत चर्चा की गई और सभी व्यापारियों को इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया।

### इनके आतिथ्य में संपन्न हुआ कार्यक्रम

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष योगेश गोयल ने की। मुख्य अतिथि के रूप में फेडरेशन ऑफ एमपी टेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष परमजीत सिंह खनूजा और महासचिव राजेश हार्डिया उपस्थित थे। उज्जैन संभाग अध्यक्ष समीर उल हक ने बताया कि कार्यक्रम में फेडरेशन अध्यक्ष खनूजा और कोषाध्यक्ष संजय जैन ने प्रादेशिक महाधिवेशन की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए सभी को आमंत्रित किया और व्यवसायियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### संभागभर के पदाधिकारी रहे मौजूद

समारोह में फेडरेशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रिंकू भटेजा, कोषाध्यक्ष संजय जैन, उपाध्यक्ष आशुतोष वशिष्ठ, प्रदेश प्रवक्ता योगेश श्रीवास्तव, सह संभाग प्रभारी हरिनारायण राठौर, सुभाष मुंडत, सहसचिव महेंद्र यादव, शाजापुर अध्यक्ष हाजी, नागदा अध्यक्ष शैलेंद्र जैन, आगर मालवा से यादव, आलोट अध्यक्ष कर्णपाल सिंह, रतलाम से नवल किशोर अग्रवाल और महेंद्र सिंह डांगी विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत जिला अध्यक्ष योगेश गोयल ने किया।

### इन व्यवसायियों ने की शिरकत

आयोजन के संयोजक संगठन सचिव जुल्फेज जाफरी और प्रशांत कोठारी रहे। कार्यक्रम में प्रवक्ता कमल लालावत, सह प्रवक्ता दीपेश गोमे, परामर्शदाता विनोद जायसवाल, जीतेन्द्र राठौर, सोहेल मंसूरी, प्रभा शंकर, बापू, योगेश राठौर, इरफान संजरी, मुबाहिद मंसूरी, हारुन, फरहान खान, शकील अंसारी, जीतू राठौर, अजय वाडिया, चेतन, हैदर, नंदू, शाजापुर से अनिल राठौर, आलोट से राठी, जागोटी से फिरोज मुल्तानी, सन्नी बोबल, इरफान मंसूरी, नरवर से शादाब मंसूरी, नागदा से श्याम खत्री, देवेंद्र पंडित, नाना और साबिर सहित जिले के कई व्यवसाई उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन एसोसिएशन के महासचिव समीर उल हक ने किया और अंत में आभार संरक्षक कप्तान बोबल ने माना।

# खंडेलवाल समाज के अन्नकूट महोत्सव में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब




ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

खंडेलवाल वैश्य पंचायत उज्जैन द्वारा ज्येष्ठ पुरुषोत्तम शुक्ल पक्ष सप्तमी के उपलक्ष्य में रविवार 7 जून को अन्नकूट महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शाम 7 बजे बुधवारिया स्थित समाज भवन में विराजमान ठाकुर जी को 56 भोग लगाकर महाआरती की गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। इससे पूर्व सुबह 8 बजे अंकपात स्थित शीतला माता गौशाला में सैकड़ों गोवंश को भी छप्पन भोग अर्पित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी एवं भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक धीरज खंडेलवाल उपस्थित रहे।

मंडी खंडेलवाल परिवार के सौजन्य से सुबह गौशाला में गौ अन्नकूट हुआ, जिसमें गोवंश को उनके 56 विभिन्न प्रिय नैवेद्य समर्पित किए गए। वहीं, शाम को ठाकुर जी के अन्नकूट में समाज के 11 परिवारों ने संयोजक की सेवा स्वीकारी। इनमें स्व. राधा बाई की स्मृति में जंघिनिया परिवार, श्री ओंकारलाल पारमार्थिक न्यास, रघुनंदन केदावत, सुशीला एन. एल. गुप्ता, राजेंद्र सोखिया व उनके पुत्र रतनदीप, प्रवीण खंडेलवाल व उनके पुत्र सार्थक, रमेश खंडेलवाल परिवार, भूपेंद्र सोखिया, पी.डी. खंडेलवाल परिवार, मनोज व अविनाश डंगायच और मनोहर व भूपेंद्र बंटवाड़ा शामिल रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्था अध्यक्ष गोविंद खंडेलवाल ने स्वागत उद्बोधन देते हुए पुरुषोत्तम मास में अन्नकूट के महत्व पर प्रकाश डाला। समन्वयक राजेंद्र सोखिया ने प्रतिवेदन का वाचन किया। मुख्य अतिथि धीरज खंडेलवाल ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए हमेशा समाज के लिए प्राथमिकता से खड़े रहने की बात कही। इस अवसर पर खंडेलवाल संघ के विलय के बाद फंड को पंचायत में समायोजित करने के उत्कृष्ट कार्य के लिए तत्कालीन पदाधिकारी ओमप्रकाश बडेरा और सुनील दास का अभिनंदन किया गया। पंचायत पदाधिकारियों द्वारा मुख्य अतिथि और समस्त संयोजकगण को सम्मान पत्र भेंट किए गए। संचालन उपाध्यक्ष राजेंद्र झालानी एवं जनसंपर्क प्रभारी अर्पित गुप्ता ने किया तथा आभार कोषाध्यक्ष गुलशन नाटाणी ने माना। आयोजन में मुख्य अतिथि का स्वागत संरक्षक सिद्धेश्वर दास, उत्सव प्रभारी देवेंद्र जंघिनिया, भवन प्रभारी मनीष मेहरवाल, कार्यकारिणी सदस्य धर्मेंद्र गुप्ता, अनिल गुप्ता सहित मनोनीत सदस्य सुनील झालानी, दिलीप पाटोदिया, सुशील सामरिया, प्रदीप डंगायच, प्रवीण खण्डेलवाल, नीरज बड़ेरा, रेखा झालानी और राजेश कुलवाल ने किया। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में संजय ठटार, संजय बडेरा, अजय तंबोलिया, बी.के. खंडेलवाल, रितेश नाटाणी, रितेश दास, गोविंद माली, ओमप्रकाश माचीवाल और प्रेमनारायण हल्दिया का विशिष्ट सहयोग रहा। इस अवसर पर हनुमान प्रसाद रावत, किशोर खंडेलवाल, नरेन्द्र खंडेलवाल, सत्यनारायण नाटाणी और रूपेश बूसर सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# क्षीरसागर में भागवत कथा में मना कृष्ण जन्मोत्सव, पंडित शुक्ला बोले अहंकार मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु

### शेषनारायण मंदिर प्रांगण में अधिक मास पर आयोजन, छप्पन भोग लगाकर बांटी बधाइयां

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

धार्मिक राजधानी अवंतिका के क्षीरसागर स्थित शेषनारायण मंदिर प्रांगण में चल रही श्रीमद् भागवत और अधिक मास कथा में धूमधाम से श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान भगवान को 56 भोग लगाए गए। कथा वाचक प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पंडित विशाल लक्ष्मीकांत शुक्ला ने कृष्ण जन्म प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि व्यक्ति को अहंकार नहीं करना चाहिए। अहंकार मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है, जो बुद्धि और ज्ञान का हरण कर लेता है। अधिक मास के पावन पर्व पर इस कथा का आयोजन 17 मई से 15 जून तक किया जा रहा है।

कथा व्यास पंडित शुक्ला ने प्रसंग सुनाते हुए कहा कि जब पृथ्वी अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तब देवता ब्रह्मा जी व शिव जी के साथ क्षीर सागर में भगवान विष्णु की स्तुति करने पहुंचे। भगवान श्री हरि ने प्रसन्न होकर देवताओं को बताया कि वे वासुदेव व देवकी के घर कृष्ण रूप में जन्म लेंगे और वृंदावन में बाल लीलाएं करेंगे। देवकी को अपनी संतानों की मृत्यु का भय सता रहा था, लेकिन भगवान की लीला वे स्वयं ही समझ सकते हैं। कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और वे गोकुल पहुंच गए। जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान अवतरित होते हैं। कथा में जैसे ही श्रीकृष्ण का जन्म हुआ, पूरा पंडाल जयकारों से गूंज उठा। 'नंद के आनंद भयो जय कन्हैयालाल की' भजन पर श्रद्धालु जमकर झूमे। महिलाओं ने भजन गाकर कृष्ण जन्म की खुशियां मनाईं। इस अवसर पर एक-दूसरे को जन्म की बधाइयां देते हुए खिलौने और मिठाइयां बांटी गईं।

# 15 जुलाई तक काली पट्टी बांधकर करेंगे कार्य, साधारण सभा में बनी रणनीति

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

शासकीय मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में रविवार 7 जून को प्रांतीय शासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ की साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई। संरक्षक डॉ. कैलाश त्यागी और प्रांताध्यक्ष डॉ. आनंद शर्मा के नेतृत्व में हुई इस बैठक में उच्च शिक्षा विभाग की निष्क्रियता और लचर कार्यप्रणाली को लेकर गहरा असंतोष व्यक्त किया गया। नाराज प्राध्यापकों ने चेतावनी दी है कि यदि 30 जून 2026 तक उनकी लंबित मांगों का निराकरण नहीं हुआ, तो 1 जुलाई से प्रदेशभर में चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा।

संघ ने तय किया है कि मांगों के निराकरण के लिए शासन को जल्द ही एक ज्ञापन सौंपा जाएगा। यदि तय समय-सीमा में सुनवाई नहीं होती है, तो प्रथम चरण में 1 से 15 जुलाई तक सभी शिक्षक काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज कराएंगे और कार्य करेंगे। इसके साथ ही आंदोलन के सुचारु संचालन और आगामी रणनीति तय करने के लिए एक राज्य स्तरीय संघर्ष समिति के गठन का भी निर्णय लिया गया है। वर्ष 2004 और 2005 में नियुक्त बैकलॉग सहायक प्राध्यापकों की परिवीक्षा अवधि नियुक्ति दिनांक से 2 वर्ष के भीतर समाप्त कर उन्हें कैरियर प्रोन्नति का लाभ दिया जाए। क्रीड़ा अधिकारियों और ग्रंथपालों को शिक्षक पदनाम के साथ पे-मैट्रिक्स 14 का लाभ दिया जाए। वर्ष 2017 में नियुक्त सहायक प्राध्यापकों को समय पर कैरियर प्रोन्नति का लाभ मिले। इसके साथ ही 2003, 2011 और 2017 में नियुक्त शेष सहायक प्राध्यापकों की परिवीक्षा अवधि की परीक्षाएं शीघ्र समाप्त की जाएं। सेवानिवृत्त शिक्षकों के लंबित स्वत्वों का बिना किसी विलंब के तत्काल भुगतान किया जाए। सामान्य प्रशासन विभाग के नियमानुसार हर तीन महीने में परामर्शदात्री समिति की बैठक नियमित रूप से आयोजित की जाए।

# टाईम पास

## अंतर ढूंढो...





## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

## वर्ग पहेली



**बाएं से दाएं**

1. कवि की रचना, गजल-3
3. अनुमान, अंदाज-3
5. सद्पुरुष-2
6. अयोग्य, असंगत-2
8. स्वार्थ, लोभ-4
10. सहयोग, सहकार-3
11. उन्माद, सनक-3
12. भगवान का अराधक-2
13. ठंडक, शीतलता-2
14. दूल्हे के सिर पर बांधी जाने वाली पगड़ी-3
16. चांदी-3
18. गंवारपन, अशिष्टता-4
20. पैंदा, तला-2
22. वर्तमान दिन-2
23. बहने का भाव-3
24. गमन, विदा होना-3

**ऊपर से नीचे**

1. हुनर, फन, आर्ट-2
2. बल, दम, जोर-3
3. समीप, नजदीक-3
4. गलत का विलोम-2
5. भ्रम, संदेह-3
7. उपनदी, कैनाल-3
8. नशे से भरपूर-4
9. लाख, सौ हजार-2
11. स्वभाव, आदत-4
14. स्वास्थ्य-3
15. इस जगह-2
17. तहजीब, शिष्टता-3
18. इकट्ठा होना-3
19. रेखा, लाइन-3
21. होठ, अधर-2
22. आगमन-2

**पिछले वर्ग पहेली का हल**



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 15 | | 2 | | 6 | | 7 | = | 35 |
| | | | | | | | | |
| 31 | | 20 | | 35 | | 4 | = | 20 |
| | | | | | | | | |
| 33 | | 12 | | 3 | | 14 | = | 10 |
| | | | | | | | | |
| 35 | | 7 | | 8 | | 15 | = | 25 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 48 | | 21 | | 36 | | 29 | = | 34 / 40 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | रि | ल | क | रि | श्ता | ज | व | न | र | ट |
| दा | र | यू | न | दी | ब | जी | द | इ | ह | ड |
| वा | व | जा | पू | वा | जी | थ | न | ग | क | र |
| दा | धी | न | ते | ना | ज | ऑ | म | पा | त | ला |
| म | त | ई | ड | प | व | खें | न | ग | कं | ज |
| र | ए | म | सु | न | दि | पू | न | डॉ | र | रू |
| ती | जं | क | मे | ता | क | ल | श | न | ज | री |
| क | ल | ग | अ | सं | भ | व | है | ली | न | है |
| ब्रे | बो | र्ज | य | ज | चि | क | ठी | तु | प | ला |
| ऐ | ला | ब | न | ज | न | त्र | द | जी | म्हा | त |
| वे | बी | लो | नि | या | ल | बी | र | रा | त | रा |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | 1 | 6 | | 4 |
| | 37 | | 37 | | 29 | 3 |
| 2 | 4 | | 7 | | 6 | 1 |
| | 31 | 1 | 28 | | 32 | |
| | 6 | | 2 | | 3 | 7 |
| 1 | 28 | 4 | 27 | | 33 | |
| | 1 | | 3 | | 4 | 6 |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...



## रंग भरकर चित्र बनाओ



## होर्मुज में जलते जहाज से 24 भारतीयों का रेस्क्यू

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

होर्मुज स्ट्रेट के पास एक तेल टैंकर में आग लगने के बाद उस पर सवार 24 भारतीय नाविकों को इंडियन नेवी ने बचा लिया है। शुरूआती रिपोर्टों में जहाज पर हमले की आशंका जताई गई है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इस बीच ईरान ने घोषणा की है कि उसने फिलहाल इजराइल के खिलाफ अपनी सैन्य कार्रवाई रोक दी है। हालांकि उसने चेतावनी दी कि अगर इजराइल ने फिर से लेबनान या अन्य जगहों पर हमला किया तो उसे पहले से ज्यादा सख्त जवाब दिया जाएगा।

दूसरी ओर अमेरिका युद्धविराम और शांति समझौते की कोशिशों में जुटा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने दावा किया है कि इजराइल और ईरान दोनों संघर्ष रोकना चाहते हैं और अंतिम समझौते को लेकर बातचीत आगे बढ़ रही है। उन्होंने यह भी कहा कि समझौता होने तक ईरान पर लगी नाकाबंदी जारी रहेगी। हालात को देखते हुए भारत सरकार ने ईरान में मौजूद भारतीय नागरिकों को जल्द से जल्द वहां से निकलने की सलाह दी है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि क्षेत्र की सुरक्षा स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और जरूरत पड़ने पर भारतीयों की मदद के लिए जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

## ईरान बोला- न युद्ध से पीछे हटेंगे, न बातचीत से
# नहीं झुकेंगे, अपने लोगों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता



ब्रह्मास्त्र ▸▸ ईरान


ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने कहा है कि उनके देश की सबसे बड़ी प्राथमिकता राष्ट्रीय सुरक्षा और लोगों की शांति है। सोशल मीडिया पर जारी बयान में उन्होंने कहा कि ईरान अपने अधिकारों की रक्षा मजबूती से करेगा और किसी भी धमकी के सामने पीछे नहीं हटेगा। पजशकियान ने कहा कि देश की ताकत सिर्फ रक्षा में नहीं, बल्कि बातचीत में भी है। उनके मुताबिक, ईरान ने न तो अपनी रक्षा की तैयारी छोड़ी है और न ही बातचीत का रास्ता बंद किया है।

इससे पहले ईरान ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर इजराइल अपनी कार्रवाई जारी रखता है या दक्षिणी लेबनान में फिर हमले करता है, तो उसे पहले से कहीं ज्यादा सख्त जवाब दिया जाएगा।

अप्रैल में हुए सीजफायर के बाद ईरान ने इजराइल पर 30 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। जवाब में इजराइल ने ईरान के सैन्य ठिकानों, एयर डिफेंस सिस्टम और पेट्रोकेमिकल प्लांट पर हमले किए।

बढ़ते सैन्य तनाव के बीच भारतीय दूतावास ने एडवाइजरी जारी कर भारतीयों से ईरान की यात्रा टालने और वहां मौजूद लोगों से जल्द देश छोड़ने को कहा। यमन के हूती विद्रोहियों ने इजराइल से जुड़े जहाजों को निशाना बनाने की चेतावनी दी। इससे वैश्विक समुद्री व्यापार और तेल सप्लाई पर असर पड़ने की आशंका बढ़ गई है तनाव बढ़ने के बाद ब्रेंट क्रूड 96.75 डॉलर प्रति बैरल और हळक 93.89 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया। बाजार को होर्मुज जलडमरूमध्य में सप्लाई बाधित होने का डर है। रिपोर्ट्स के मुताबिक ट्रम्प ने नेतन्याहू से ईरान पर पलटवार न करने को कहा। अमेरिकी और इजराइली रुख में मतभेद की चर्चाएं तेज हुईं, जबकि ट्रम्प ने कहा कि ईरान के साथ जो भी डील होगी, नेतन्याहू को माननी पड़ेगी। ओमान के समुद्री क्षेत्र में टळ मैरिवेक्स नामक तेल टैंकर पर हुए मिसाइल हमले के बाद उसमें सवार 24 भारतीय क्रू सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया गया।

## दक्षिणी ईरान में 5 तीव्रता का भूकंप



दक्षिणी ईरान में सोमवार सुबह 5 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप के झटके होर्मोजगान और करमान प्रांत के सरगाज इलाके के पास महसूस किए गए। ईरान की मेहर न्यूज एजेंसी के मुताबिक, भूकंप का केंद्र होर्मोजगान और करमान प्रांत के सरगाज क्षेत्र के पास था। झटके महसूस होने के बाद स्थानीय प्रशासन ने हालात का आकलन शुरू कर दिया।फिलहाल किसी जान-माल के नुकसान या घायल होने की सूचना नहीं है।

## दावा- लेबनान को लेकर ट्रम्प की नेतन्याहू से बहस हो गई थी

लेबनान में अमेरिका के राजदूत मिशेल ईसा ने दावा किया है कि लेबनान को लेकर राष्ट्रपति ट्रम्प और इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच मतभेद पैदा हो गए हैं। नबीह बेरी से मुलाकात के बाद ईसा ने कहा कि अमेरिका नहीं चाहता कि मौजूदा संघर्ष और आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि हाल के हमले दोनों पक्षों की ओर से दिए गए राजनीतिक संदेश थे। ईसा ने बताया कि ट्रम्प हर दिन लेबनान की स्थिति पर नजर रखते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि लेबनान के मुद्दे पर ट्रम्प की नेतन्याहू से ₹लगभग बहस हो गई थी₹। हालांकि, उन्होंने इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी। लेकिन उनके बयान से यह संकेत मिलता है कि अमेरिका क्षेत्र में तनाव कम करना चाहता है, जबकि

## ऑपरेशन सिंदूर के ग्रुप कैप्टन मनीष अरोड़ा को वीर चक्र
### 3 आतंकी ढेर करने वाले कर्नल को शौर्य चक्र मिला, राष्ट्रपति ने सम्मानित किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में रक्षा अलंकरण समारोह में 7 कीर्ति चक्र, 15 वीर चक्र और 29 शौर्य चक्र प्रदान किए। सम्मान पाने वालों में ऑपरेशन सिंदूर में शामिल भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन मनीष अरोड़ा भी रहे, जिन्हें वीर चक्र से सम्मानित किया गया। वहीं, LoC पर 3 आतंकियों को मार गिराने वाले लेफ्टिनेंट कर्नल नितेश भारती शुक्ला भी शामिल है। इसके अलवा अरुणाचल प्रदेश के सीमावर्ती इलाके में सैन्य अभियान के दौरान बहादुरी दिखाने वाले मेजर आदित्य प्रताप सिंह को भी शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया।


छत्तीसगढ़ में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान साहस दिखाने वाले पुलिस अधिकारी लक्ष्मण केवट और रामेश्वर प्रसाद देशमुख को भी यह सम्मान मिला। समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद रहे। 4 राष्ट्रीय राइफल्स के शहीद लांस दफादार बलदेव चंद को मरणोपरांत शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रक्षा अलंकरण समारोह में यह वीरता पुरस्कार उनकी पत्नी और मां को प्रदान किया। भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन मनीष अरोड़ा को वीर चक्र से सम्मानित किया गया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान उड़ाते हुए पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर हवाई हमले में हिस्सा लिया था। इस अभियान में दिखाई गई बहादुरी के लिए उन्हें यह सम्मान दिया गया। मनीष अरोड़ा इससे पहले शौर्य चक्र भी प्राप्त कर चुके हैं। 7 पैरा (स्पेशल फोर्सेज) के मेजर आशीष कुमार को शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया। नवंबर 2024 में जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में एक आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान उन्होंने ऑपरेशन का नेतृत्व किया। उनकी अगुआई में सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया और अभियान पूरा किया।

# मानसून 13 राज्यों में पहुंचा, एमपी-यूपी में आंधी-बारिश, केरलम-कर्नाटक में रेड अलर्ट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

देश में दक्षिण-पश्चिम मानसून तेजी से आगे बढ़ रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक, मानसून 5 दिन में 13 राज्यों तक पहुंच गया। इसने सोमवार को तेलंगाना में एंट्री ली। मानसून पश्चिमी तट पर अब मुंबई से 150 किमी दूर है। अगले 48 घंटे में यह मुंबई में दस्तक दे सकता है। मध्य प्रदेश और उत्तर पदेश सहित कई राज्यों में प्री मानसून बारिश हो रही है। मध्य प्रदेश के भोपाल में सोमवार को बारिश हुई। यूपी के गोरखपुर और जालौन में भी तेज बारिश हुई। राजस्थान के कुछ हिस्सों में 60 से 120 किमी की रफ्तार से हवा चली। इधर, राजस्थान के पश्चिमी जिलों में हीटवेव का अलर्ट है। सोमवार को श्रीगंगानगर 45.6°C तापमान रहा। फलोदी में 44.8°C, जैसलमेर और बीकानेर में 44-44°C तापमान दर्ज किया गया। मंगलवार को 15 राज्यों में बारिश का अलर्ट है। पूरे केरलम और कर्नाटक के 2 जिलों में भारी बारिश का रेड अलर्ट है।

केरल में इस बार मानसून 3 दिन की देरी से 4 जून को पहुंचा था। इसके बाद सिर्फ 5 दिनों में यह 13 राज्यों तक पहुंच गया है। सोमवार को मानसून ने तेलंगाना में भी एंट्री कर ली। इससे पहले रविवार को मानसून त्रिपुरा, असम, अरुणाचल प्रदेश और नगालैंड तक पहुंचा था।



अगले 2-3 दिनों में यह कर्नाटक, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और पूर्वोत्तर के बाकी इलाकों में आगे बढ़ सकता है। ओडिशा, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल और सिक्किम में भी अगले कुछ दिनों में मानसून पहुंच सकता है।

पश्चिमी तट पर मानसून अब मुंबई से करीब 150 किमी दूर है। अगले 48 घंटे में इसके मुंबई पहुंचने की संभावना है। मुंबई में मानसून के पहुंचने की सामान्य तारीख 10 जून है। अगले 7 दिनों के दौरान केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु, पूर्वोत्तर भारत और उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल के कुछ इलाकों में भारी बारिश हो सकती है। उत्तर भारत में गर्मी फिर तेज हो गई है। दिल्ली में सोमवार को अधिकतम तापमान 43.4°C दर्ज किया गया। दिल्ली के सफदरजंग में तापमान 42.2°C रहा, जो सामान्य से 2 डिग्री अधिक है। मौसम विभाग के मुताबिक 10 जून तक तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है। आज 8 राज्यों में लू का अलर्ट दिया है। अगले 2-3 दिनों में पश्चिमी राजस्थान के कई इलाकों में लू चलने की चेतावनी दी है। सीमावर्ती क्षेत्रों में तापमान 44 से 46°C के बीच रह सकता है। हालांकि 11 जून से नए पश्चिमी विक्षोभ के असर से दिल्ली और राजस्थान के कुछ हिस्सों में आंधी और बारिश हो सकती है।

## आज 18 जिलों में आंधी-बारिश; कल से 2 दिन हीटवेव चलेगी

मध्य प्रदेश में मानसून की एंट्री अगले हफ्ते 15 से 18 जून के बीच होगी। इससे पहले प्री-मानसून एक्टिविटी जारी रहेगी। अनुमान के मुताबिक, मानसून इंदौर और जबलपुर संभाग के छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, बालाघाट, बड़वानी, खरगोन, बुरहानपुर या बैतूल जिले से प्रदेश में एंटर कर सकता है। इससे पहले प्रदेश में आंधी-बारिश जारी रहेगी। मंगलवार को 20 जिलों में तेज आंधी चलने और बारिश होने का अलर्ट है। इनमें बड़वानी, खरगोन, बुरहानपुर, खंडवा, हरदा, नर्मदापुरम, बैतूल, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, जबलपुर, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, अनूपपुर, उमरिया और शहडोल शामिल हैं। 10-11 जून को लू का भी अलर्ट क्टऊ(मौसम केंद्र) भोपाल की माने तो अगले 3 दिन यानी, 9, 10 और 11 जून को प्रदेश में आंधी, बारिश के साथ गर्मी का असर भी बना रहेगा। 10 और 11 जून को प्रदेश के 5 जिले- भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़ और छतरपुर में हीटवेव (लू) का अलर्ट भी है।

# क्रॉस वोटिंग का डर, कांग्रेस विधायक कर्नाटक होंगे शिफ्ट
### विजयवर्गीय का दावा- निर्मला सप्रे बीजेपी के साथ




ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश कोटे की तीसरी राज्यसभा सीट के लिए बीजेपी कैंडिडेट महेश केवट ने नामांकन भर दिया है। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा- मुझे पूरा भरोसा है कि भारतीय जनता पार्टी अपने तीसरे प्रत्याशी को भी विजय मार्ग पर लेकर चलेगी। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने दावा किया- बीना विधायक निर्मला सप्रे बीजेपी के साथ रहेंगी।

इससे पहले, कांग्रेस कैंडिडेट मीनाक्षी नटराजन पार्टी के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और विधायकों के साथ विधानसभा पहुंचीं। यहां राज्यसभा चुनाव के लिए नॉमिनेशन दाखिल किया। नटराजन ने कहा- हम सब एकजुटता से लड़ेंगे और जीतेंगे।

इधर, तीसरी सीट पर भाजपा कैंडिडेट के उतरने के बाद कांग्रेस को क्रॉस वोटिंग का डर सता रहा है। मंगलवार को सभी विधायकों को कर्नाटक शिफ्ट किया जाएगा।

उधर, भोपाल की हुजूर सीट से दो बार विधानसभा चुनाव लड़ चुके नरेश ज्ञानचंदानी ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है। वे मीनाक्षी नटराजन को राज्यसभा उम्मीदवार बनाए जाने से नाराज हैं। एक अन्य घटनाक्रम में बीना विधायक निर्मला सप्रे आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मिलने सीएम हाउस गई थीं। हालांकि, यहां क्या चर्चा हुई, इसका पता नहीं चल सका है।

## ईरान ने इजराइल पर मिसाइलें दागीं, कहा- यह सिर्फ वार्निंग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

ईरान ने रविवार रात इजराइल पर कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। यह हमला बेरूत में इजराइली हमले के जवाब में किया गया, जिसमें 2 लोगों की मौत और 20 लोग घायल हुए थे। इजराइल के अनुसार, अप्रैल में सीजफायर के बाद यह पहली बार है जब ईरान ने उस पर मिसाइल हमला किया है। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने कहा कि यह सिर्फ वॉर्निंग थी। अब अगर अमेरिका या इजराइल की ओर से फिर कोई हमला हुआ, तो वह अमेरिकी और इजराइली ठिकानों को निशाना बनाया जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईरान-इजराइल से एक-दूसरे पर हमला न करने की अपील की। उन्होंने फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में कहा- अब बस, बहुत हो गया। मैं अभी नेतन्याहू को फोन करके कहूंगा कि जवाबी हमला न करें। इजराइल पर मिसाइल हमला करने के बाद ईरान ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए देश के पश्चिमी हिस्से का एयरस्पेस अगली सूचना तक बंद कर दिया है। ईरान के नागरिक उड्डयन संगठन के प्रवक्ता माजिद अखावान ने कहा कि यह फैसला सुरक्षा आकलन के आधार पर लिया गया है। वहीं, इराक ने भी 72 घंटे के लिए अपना एयरस्पेस बंद कर दिया है और सभी उड़ानों का संचालन रोक दिया है।

# भारत ने पहली बार 12 परमाणु बम तैनात किए
### हमारे एटमी हथियार 2 साल में 180 से बढ़कर 190 हुए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत ने पहली बार 12 परमाणु हथियार मोर्चे पर तैनात किए हैं। देश का परमाणु हथियारों का भंडार भी 180 से बढ़कर 190 हो गया है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की ताजा रिपोर्ट में यह बताया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक देश का 2025 में सैन्य खर्च 92.1 अरब डॉलर रहा, जिससे वह दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा सैन्य खर्च करने वाला देश बना। रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2025 में भारत ने एक भी परमाणु वॉरहेड तैनात नहीं किया था। लेकिन, 2026 में 12 परमाणु हथियारों को तैनात कर रखा है। पाकिस्तान के परमाणु हथियारों में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। उसके पास वर्तमान में 170 परमाणु हथियार हैं।



### पूरे चीन तक पहुंचने वाली क्षमता पर जोर

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत लंबी दूरी के हथियारों पर केंद्रित हो रहा है, ताकि इनकी पहुंच पूरे चीन तक हो सके। भारत एक साथ चीन और पाकिस्तान दोनों मोर्चों पर संतुलित रणनीतिक क्षमता बनाए रखने की कोशिश कर रहा है। भारत नए परमाणु डिलीवरी सिस्टम पर भी काम कर रहा है। इनमें सबसे अहम है टळक्ष्र तकनीक। इसके जरिए एक ही बैलिस्टिक मिसाइल कई परमाणु वारहेड ले जा सकती है और अलग-अलग लक्ष्यों को निशाना बना सकती है।

### परमाणु हथियार रिटायर करने वाले तीन देश

रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका, रूस और फ्रांस सिर्फ तीन देशों ने परमाणु हथियारों को रिटायर किया है। अमेरिका ने कुल 1342, रूस ने 1020 और फ्रांस ने 80 वॉरहेड को बेड़े से बाहर किया है। इजराइल के पास 90 हथियारों का जखीरा है। इसमें कोई बढ़ोतरी या कमी नहीं की गई है।

### समुद्र में भी बढ़ी परमाणु ताकत

रिपोर्ट में भारत की समुद्री परमाणु क्षमता को भी बेहद महत्वपूर्ण बताया गया है। भारत की परमाणु पनडुब्बियां, खासकर क्ळर अरिहंत, अब देश की ॑सेकंड स्ट्राइक क्षमता॑ का बड़ा आधार बन रही हैं। भारत अब शांति काल में भी सीमित संख्या में परमाणु हथियारों को बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बियों पर तैनात करने लगा है। इससे दुश्मन के पहले हमले के बाद भी जवाबी कार्रवाई की क्षमता बनी रहती है।

ईयरबुर 2026 के अनुसार दुनिया एक नए परमाणु प्रतिस्पर्धा के दौर में प्रवेश कर रही है। अमेरिका, रूस, चीन, भारत, पाकिस्तान समेत सभी परमाणु संपन्न देश अपने हथियारों और डिलीवरी सिस्टम को तेजी से अपग्रेड कर रहे हैं। 2026 की शुरूआत में दुनिया के नौ देशों, अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस, चीन, भारत, पाकिस्तान, उत्तर कोरिया और इजराइल के पास कुल 12,187 परमाणु वॉरहेड हैं। इसमें से 9745 वॉरहेड सेना के भंडार गृह में हैं जो इस्तेमाल के लिए पूरी तरह तैयार हैं।



## अभिजीत दीपके बोले- कॉकरोच जनता पार्टी देशभर में प्रदर्शन करेगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने देशभर में प्रदर्शन का ऐलान किया है। उन्होंने रविवार रात सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक वीडियो मैसेज जारी कर कहा- अगर 13 जून तक शिक्षा मंत्री इस्तीफा नहीं देते हैं तो मैं खुद अलग-अलग राज्यों और शहरों में प्रदर्शन के लिए जाऊंगा।

उन्होंने कहा कि अगर इसके बाद भी शिक्षा मंत्री ने इस्तीफा नहीं दिया तो देशभर के छात्र फिर से दिल्ली जाएंगे और शांतिपूर्ण आंदोलन करेंगे। CJP ने 6 जून को जंतर-मंतर पर भी प्रदर्शन किया था और परीक्षाओं में गड़बड़ियों को लेकर शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की थी। अभिजीत 6 जून को प्रदर्शन के लिए अमेरिका से भारत आए हैं। वे रविवार सुबह महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर स्थित अपने घर पहुंचे। उन्होंने शाम को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की और कहा- पिछले 10-12 साल में देश की राजनीति हिंदू-मुस्लिम मुद्दों पर केंद्रित रही है। इससे रोजगार नहीं मिलेगा।

### 24 घंटे में 6 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स बढ़े

कॉकरोच जनता पार्टी के इंस्टाग्राम पर फॉलोअर्स की संख्या भी बढ़ गई है। प्रदर्शन से पहले उनके फॉलोअर्स की संख्या 2.21 करोड़ थी। 7 जून को दोपहर 3 बजे तक यह संख्या बढ़कर 2.27 करोड़ हो गई। पर उनके 2.70 लाख फॉलोअर्स हैं।

### अभिजीत के सामने बड़ी चुनौतियां

सोशल मीडिया पर समर्थन की तुलना में जंतर-मंतर की कम भीड़ ने साबित किया कि पार्टी को जमीनीस्तर पर ब्लॉक और जिला कमेटियां बनानी होंगी। पार्टी के पास पॉलिटिक्स का अनुभव नहीं है। सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स की ताकत तो है, लेकिन सवाल है कि अगर वे चुनाव में उतरते हैं तो क्या इसे वोट बैंक में बदल पाएंगे। 2011 के अन्ना आंदोलन की कामयाबी के पीछे अलग-अलग संगठनों का समर्थन था। कॉकरोच जनता पार्टी के पास कैडर नहीं है।

■ वर्ष-12 अंक-216 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, मंगलवासरः 09 जून, 2026

## सुभाषितानि

को हि भारः समर्थानां किं दूर व्यवसायिनाम्।
को विदेश सुविद्यानां को परः प्रियवादिनम्॥

**भावार्थ** : सामर्थ्यवान व्यक्ति को कोई वस्तु भारी नहीं होती। व्यापारियों के लिए कोई जगह दूर नहीं होती। विद्वान के लिए कहीं विदेश नहीं होता। मधुर बोलने वाले का कोई पराया नहीं होता।

अति रूपेण वै सीता चातिगर्वेण रावणः।
अतिदानाद् बलिर्बद्धो ह्यति सर्वत्र वर्जयेत्॥

**भावार्थ** : अधिक सुन्दरता के कारण ही सीता का हरण हुआ था, अति घमंडी हो जाने पर रावण मारा गया तथा अत्यन्त दानी होने से राजा बलि को छला गया। इसलिए अति सभी जगह वर्जित है।

## इदानीं अन्नमलाईद्वारा आरब्धः सम्भाव्यः नूतनः राजनैतिकदलः

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

राजनैतिकविश्लेषकाः टिप्पणीं कुर्वन्ति यत् तमिलनाडुराज्यस्य राजनीतिः चिरकालात् द्रविडदलानां वर्चस्वं वर्तते, भाजपा राज्ये स्वस्य कृते दृढं आधारं निमार्तुं प्रयतमाना आसीत् एतादृशे समये प्रमुखदलव्यक्तिनां निरन्तरं पलायनं संस्थायाः चिन्ताकारणं भवितुम् अर्हति। इदानीं अन्नमलाईद्वारा आरब्धः सम्भाव्यः नूतनः राजनैतिकदलः राज्ये नूतनं राजनैतिकसमीकरणमपि निमार्तुम् अर्हति। इदानीं कृते तमिलनाडुभाजपा-अन्तर्गतस्य अस्मिन् राजनैतिक-उत्थानस्य विषये सवेषां दृष्टिः निहिताः सन्ति। आगामिषु दिनेषु स्पष्टं भविष्यति यत् एते विकासाः कतिपयानां नेताराणाम् राजीनामापर्यन्तं सीमिताः एव तिष्ठन्ति वा राज्ये प्रमुखराजनैतिकपुनसंयोजनस्य मार्गं प्रशस्तं कुर्वन्ति वा।

## सम्पादकीयम्

### नीतिनिमार्णे प्रभावः

नीतिनिमार्णे प्रभावः यदा सदने महिलानां अधिका उपस्थितिः भविष्यति तदा आर्धजनसङ्ख्यासम्बद्धाः विषयाः अधिकाधिकं स्वरं प्राप्नुयुः। एतेन तेषां चिन्तानां विषये अधिकसटीकसंवेदनशीलविमशानां सुविधा भविष्यति, तस्मात् नीतिनिर्माणप्रक्रियायां सहायता भविष्यति। असंख्यसाधनानां अभावेऽपि राजनीतिः कतिपयेषु क्षेत्रेषु अन्यतमः एव अस्ति यत्र महिलाः समानावकाशान् न प्राप्नुवन्ति। महिला आरक्षणविधेयकस्य उद्देश्यं अस्ति यत् एतस्य विषमतायां सुधारः करणीयः। एतत् परिवर्तनकारी परिवर्तनं समग्ररूपेण समाजे गहनं प्रभावं करिष्यति। महिलानां आरक्षणस्य विषयः केवलं आसनविनियोगस्य विषये एव नास्ति; मौलिकरूपेण भारतस्य लोकतन्त्रं अधिकं सन्तुलितं न्याय्यं च कर्तुं विषयः अस्ति। कदापि न भवितुं अपेक्षया विलम्बेन श्रेयस्करम्–एषा उपक्रमः न्यूनतया इदानीं तार्किकसमाप्तिम् आनेतव्या। महिला आरक्षणविधेयकं प्रथमवारं १९९६ तमे वर्षे एच्.डी. देवेगौडस्य सर्वकारः; ततः परं–दशकत्रयं यावत्–तस्य पारितस्य चत्वारः असफलाः प्रयासाः अभवन्। अधुना अस्य विधेयकस्य पारितीकरणार्थं विशेषतया १६ एप्रिलतः १८ एप्रिलपर्यन्तं संसदस्य विशेषसत्रं सर्वकारेण आहूतम्।

## अण्डमानसागरे आविष्कृतः प्रमुखः प्राकृतिकवायुभण्डारः

# भारतस्य ऊर्जा आत्मनिर्भरतायाः कृते प्रवर्धनम्

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

भारतस्य ऊर्जासुरक्षायाः आत्मनिर्भरतायाः च दिशि महत्त्वपूर्णः माइलस्टोन् प्राप्तः अस्ति। अण्डमानसागरे पर्याप्तं प्राकृतिकवायुभण्डारस्य आविष्कारेण देशस्य ऊर्जाक्षेत्रे नूतना आशा उत्पन्ना अस्ति। राज्यस्वामित्वयुक्ता तेल-गैस-कम्पनी ऑयल इण्डिया लिमिटेड् अण्डमान-बेसिन्-मध्ये प्रचलति अन्वेषण-अभियानस्य समये अन्यस्य प्रमुखस्य गैस-भण्डारस्य पहिचानं कृतवती अस्ति केन्द्रीयपेट्रोलियम-प्राकृतिकगैसमन्त्री हरदीपसिंहपुरी इत्यनेन अस्य आविष्कारस्य विवरणं साझां कृत्वा राष्ट्रस्य ऊर्जाभविष्यस्य कृते महत्त्वपूर्णा उपलब्धिः इति उक्तम्।

एतां सफलतां अण्डमानसागरे वर्तमानस्य ऊर्जाक्षमतायाः प्रमाणं वर्णयन् केन्द्रीयमन्त्री ऑयल इण्डिया लिमिटेड् इत्यस्य सम्पूर्णं दलं अभिनन्दितवान्। सः अवदत् यत् एषा आविष्कारः भारतस्य ऊर्जास्वनिर्भरतां सुदृढं कर्तुं आयातिततैल-गैसयोः उपरि निर्भरतां न्यूनीकर्तुं च महत्त्वपूर्णं सोपानं सिद्धं कर्तुं शक्नोति।

समाचारानुसारं एषा प्राकृतिकवायुस्य आविष्कारः 'श्रीविजयपुरम्-३' इति नाम्ना अन्वेषणकूपे अभवत्। अण्डमानद्वीपस्य पूर्वतटतः प्रायः १५ किलोमीटर दूरे समुद्रीयक्षेत्रे अयं कूपः स्थितः अस्ति। अस्मिन् स्थले ऑयल इण्डिया लिमिटेड् इत्यनेन ३५५ मीटर जलगहनेषु खननकार्यं कृतम्। अन्वेषणकाले इओसीन-सङ्कटनस्य १,९०० मीटर-अधिकगभीरतायां परीक्षणं कृतम्, यत्र निरन्तरं ज्वालामुखी-प्रकोपः अवलोकितः। विशेषज्ञाः एतत् प्राकृतिकवायुस्य उपस्थितेः प्रबलं सूचकं मन्यन्ते, येन आरक्षस्य अस्तित्वस्य पुष्टिः भवति।




अधुना कम्पनी अस्य गैस-भण्डारस्य गुणवत्तायाः, व्यावसायिक-साध्यतायाः च विस्तृतं मूल्याङ्कनं कुर्वती अस्ति। तस्य रचना, ऊर्जाक्षमता, व्यावसायिकउपयोगिता च वैज्ञानिकरूपेण विश्लेषितुं गैसस्य नमूनानि एकत्रिताः सन्ति। तदतिरिक्तं वायुस्य उत्पत्तिं तस्य भूवैज्ञानिक-इतिहासं च अवगन्तुं समस्थानिकविश्लेषणं क्रियते। विशेषज्ञानाम् अनुसारं एषा आविष्कारः महत्त्वपूर्णा अस्ति यतोहि एषा द्वितीयं उदाहरणं भवति- अण्डमानबेसिन्-मध्ये ऑयल इण्डिया लिमिटेड् इत्यनेन खनितानां त्रयाणां अन्वेषणकूपानां मध्ये-यत्र हाइड्रोकार्बनस्य उपस्थितिः अभिलेखिता अस्ति अण्डमानक्षेत्रे पर्याप्ततैलस्य, गैसस्य च भण्डारस्य सम्भाव्यं अस्तित्वं सूचयति, येन भविष्ये अग्रे अन्वेषणस्य आवश्यकता वर्तते

ऊर्जाक्षेत्रस्य विशेषज्ञाः मन्यन्ते यत् यदि तदनन्तरं परीक्षणैः अस्य गैस-भण्डारस्य व्यावसायिक-साध्यतायाः पुष्टिः भवति तर्हि भारतस्य कृते एतत् सामरिक-उपार्जनं सिद्धं भविष्यति`. सम्प्रति देशः स्वस्य ऊर्जा-आवश्यकतानां महत्त्वपूर्णं भागं आयातानां माध्यमेन पूरयति; अतः प्राकृतिकवायु-हाइड्रोकार्बन-संसाधनानाम् आन्तरिक-अन्वेषणेन न केवलं विदेशीय-विनिमयस्य रक्षणं भविष्यति अपितु ऊर्जा-सुरक्षा अपि सुदृढा भविष्यति।

केन्द्रीयमन्त्री हरदीपसिंहपुरी इत्यनेन उक्तं यत् एषा उपलब्धिः २०२५ तमे वर्षे स्वातन्त्र्यदिने प्रधानमन्त्रिणा नरेन्द्रमोदीना घोषितस्य राष्ट्रियगहरे जल अन्वेषणमिशनस्य उद्देश्यं प्रवर्तयितुं साहाय्यं करिष्यति- यस्य नाम 'समुद्रमन्थन मिशन' इति। अस्य मिशनस्य अन्तर्गतं देशस्य गहनेषु अतिगहेषु च अपतटीयजलेषु बृहत्परिमाणेन तैल-गैस-अन्वेषणं क्रियते। आगामिषु वर्षेषु राष्ट्रस्य वर्धमानं ऊजार्मागधां पूरयितुं समर्थाः नूतनाः ऊर्जास्त्रोताः चिन्तयितुं सर्वकारस्य उद्देश्यम् अस्ति।

अण्डमानबेसिन् इत्यस्मिन् क्रमिकसफलताभिः अन्तर्राष्ट्रीयऊर्जाकम्पनीनां ध्यानमपि आकृष्टम् अस्ति। विशेषज्ञाः प्रत्याशन्ति यत् अस्मिन् क्षेत्रे भविष्ये अन्वेषण-अभियानेषु वैश्विक-कम्पनीनां सहभागिता वर्धिता भविष्यति। केन्द्रीयमन्त्री सूचितवान् यत् भारतं भविष्ये पेट्रोब्रास्, टोटलएनर्जीज, बीपी, शेल्, एक्सोन्मोबिल् इत्यादीनां प्रमुखवैश्विकसंस्थानां अनुभवेन, तकनीकीविशेषज्ञतायाः च लाभं प्राप्नुयात्।

## कप्तानत्वस्य दबावानां

# अभावेऽपि सः निरन्तरं धावनं कृतवान्

ब्रह्मास्त्र ›› चेन्नई

चयनकर्तान् प्रभावितं करोति। अर्य इत्यस्य उत्तमं बल्लेबाजीरूपं अपि तस्य पक्षे प्रबलं बिन्दुः इति मन्यते। कप्तानत्वस्य दबावानां अभावेऽपि सः निरन्तरं धावनं कृतवान्, स्वदलानां कृते महत्त्वपूर्णपारीः च क्रीडितः अस्ति। सः अन्तिमेषु आईपीएल-सीजनेषु बहूनां रन-सञ्चयेन विश्वसनीयः मध्यम-क्रमस्य बल्लेबाजः इति स्थापितः अस्ति। कप्तानत्वेन तस्य निरन्तरं बल्लेबाजीं दलस्य स्थिरतां दातुं शक्नोति इति विशेषज्ञाः मन्यन्ते।

बीसीसीआई-संस्थायाः दीर्घकालीननियोजनम् अपि अस्य सम्भाव्यपरिवर्तनस्य पृष्ठतः प्रमुखकारकत्वेन दृश्यते। टी-२० विश्वकप, लॉस एन्जल्स ओलम्पिक इत्यादीनि प्रमुखाणि आयोजनानि २०२८ तमे वर्षे निर्धारितानि सन्ति फलतः बोर्डः आगामिषु चतुर्षु वर्षेषु दलस्य नेतृत्वं कर्तुं समर्थं कप्तानं सज्जीकर्तुं इच्छति। अस्मिन् सन्दर्भे ३१ वर्षीयः श्रेयस अय्यरः उपयुक्तः अभ्यर्थी इति मन्यते। बोर्डस्य मतं यत् सः आगामिषु वर्षेषु स्वस्य करियरस्य प्रधानतायां भविष्यति, दलस्य कृते स्थिरं नेतृत्वं दातुं शक्नोति च।

श्रेयस अय्यरस्य मुख्यप्रशिक्षकस्य गौतमगम्भीरस्य च सफलसाझेदारी अपि अस्मिन् निर्णये महत्त्वपूर्णां भूमिकां निर्वहितुं शक्नोति। २०२४ तमे वर्षे कोलकाता नाइट् राइडर्स् इति क्रीडासमूहेन सह आईपीएल-उपाधिं प्राप्तुं एतयोः द्वयोः महत्त्वपूर्णा भूमिका आसीत्। एषः एव सफलः संयोजनः अन्तर्राष्ट्रीयस्तरस्य अपि सकारात्मकं परिणामं दातुं शक्नोति इति दलप्रबन्धनम् आशास्ति। अर्य्य इत्यस्य शान्तनेतृत्वशैली अन्येभ्यः प्रतियोगिभ्यः अपि तं भिन्नं करोति। क्रिकेट्-विशेषज्ञाः प्रायः तस्य तुलनां पूर्वभारतीय-कप्तान-एम.एस.धोनी-इत्यनेन सह कुर्वन्ति। यः स्वस्य शीतल-संरचित-व्यवहारस्य कृते प्रसिद्धः अस्ति। क्षेत्रे दबावेन अपि सन्तुलितनिर्णयान्।

## राशिफल

**मेष** : 9 जून के दिन आपकी लव लाइफ बिना किसी परेशानी के बहुत अच्छी रहेगी। प्रोफेशनल चुनौतियों को लगन से संभालें।

**वृषभ** : छोटी-मोटी पैसों की दिक्कतें आ सकती हैं। आप खुलकर बात करेंगे और मददगार दोस्तों को आकर्षित कर सकते हैं।

**मिथुन** :9 जून के दिन खुलकर बात करने से रिश्ते को रोमांटिक और शांत बनाए रखें। आपका रवैया भी बहुत मायने रखता है।

**कर्क** : 9 जून के दिन अपनी पर्सनल लाइफ को परेशानियों से दूर रखें और काम पर सबसे अच्छे नतीजे देने की कोशिश करें।

**सिंह** : टीम के सदस्यों पर अपनी नजर रखें। अच्छी बात यह है कि इस दिन आपको कोई फाइनेंशियल या हेल्थ प्रॉब्लम नहीं होगी।

**कन्या** : 9 जून के दिन एक बिजी ऑफिस शेड्यूल और मजबूत फाइनेंशियल बेस के साथ एक शानदार लव लाइफ जिएं।

**तुला** : 9 जून के दिन आज पर्सनल और प्रोफेशनल दोनों लाइफ में ईमानदारी से स्टैंड लें।

**वृश्चिक** : 9 जून के दिन आपका समय रोमांस से भरा रहेगा। प्रोफेशनल लाइफ में बिजी और प्रोडक्टिव रहें।

**धनु** : 9 जून के दिन अपनी लव लाइफ में डिप्लोमेटिक रहें। ध्यान रखें कि आप अपने लवर के साथ अच्छा समय ज्यादा बिताएं।

**मकर** : 9 जून के दिन प्रोफेशनली एक सफल दिन आपका इंतजार कर रहा है। पैसे पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है।

**कुंभ** : 9 जून के दिन आज रिश्ते पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। फालतू बातचीत से बचें। ऑफिशियल लाइफ में चुनौतियां आएंगी।

**मीन** : आज के दिन समझदार रहें। नए काम चुनौतीपूर्ण लगेंगे, लेकिन आप यह पक्का करेंगे कि वे पूरे हों।

## ज्योतिष/वास्तु

# 11 जून को बुध करेंगे नक्षत्र परिवर्तन, इन तीन राशि के लोगों का बनेगा राजयोग

गुरु के नक्षत्र में बुध का यह प्रवेश विशेष रूप से शुभ संकेत दे रहा है। इस दौरान कुछ राशियों के लिए तरक्की, सफलता और सम्मान के नए रास्ते खुल सकते हैं। कई लोगों को इस समय राजयोग जैसे परिणाम भी प्राप्त हो सकते हैं, जिससे जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे।

ज्योतिष शास्त्र में ग्रहों का नक्षत्र परिवर्तन बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि इसका सीधा प्रभाव व्यक्ति के जीवन, सोच और भाग्य पर पड़ता है। खासतौर पर बुध ग्रह, जो बुद्धि, वाणी और व्यापार का कारक माना जाता है, जब अपनी चाल बदलता है तो इसका असर कई राशियों पर साफ नजर आता है। 11 जून को बुध आर्द्रा नक्षत्र से निकलकर पुनर्वसु नक्षत्र में प्रवेश करने जा रहे हैं, और यह परिवर्तन सुबह 11 बजकर 30 मिनट पर होगा। इसके बाद बुध 8 जुलाई तक इसी नक्षत्र में गोचर करेंगे और फिर आगे बढ़ेंगे। गुरु के नक्षत्र में बुध का यह प्रवेश विशेष रूप से शुभ संकेत दे रहा है। इस दौरान कुछ राशियों के लिए तरक्की, सफलता और सम्मान के नए रास्ते खुल सकते हैं। कई लोगों को इस समय राजयोग जैसे परिणाम भी प्राप्त हो सकते हैं, जिससे जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे।



**मिथुन राशि-** बुध का यह नक्षत्र परिवर्तन मिथुन राशि के जातकों के लिए बेहद अनुकूल साबित हो सकता है। इस दौरान मानसिक संतुलन और शांति का अनुभव होगा, जिससे आप अपने फैसले बेहतर तरीके से ले पाएंगे। करियर में किए गए प्रयासों का फल मिलने का समय आ सकता है और कार्यक्षेत्र में आपके काम की सराहना होगी। सहकर्मियों के साथ तालमेल बेहतर रहेगा। शिक्षा के क्षेत्र में भी प्रगति के संकेत हैं। यदि कोई सरकारी काम अटका हुआ है, तो उसके पूरा होने की संभावना बढ़ जाएगी। साथ ही, वैवाहिक जीवन में भी मधुरता देखने को मिल सकती है।

**सिंह राशि-** सिंह राशि के लिए बुध का यह परिवर्तन आत्मविश्वास और सफलता लेकर आ सकता है। आपकी नेतृत्व क्षमता और निर्णय लेने की शक्ति मजबूत होगी। व्यापार करने वालों के लिए अचानक धन लाभ के योग बन सकते हैं। जो लोग नौकरी की तलाश में हैं, उन्हें मनचाही जगह पर अवसर मिल सकता है। आईटी या तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोगों को पदोन्नति मिलने की संभावना है। पारिवारिक जीवन में भाई-बहनों के साथ संबंध बेहतर होंगे। कुछ लोगों को विदेश यात्रा या वहां से जुड़े अवसर भी मिल सकते हैं।

**तुला राशि-** तुला राशि के जातकों के लिए यह समय सामाजिक और पेशेवर जीवन में उन्नति लेकर आ सकता है। आपकी वाणी में आकर्षण बढ़ेगा, जिससे लोग आपकी बातों से प्रभावित होंगे। सामाजिक स्तर पर आपकी पहचान मजबूत हो सकती है। यदि आप राजनीति या किसी सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय हैं, तो आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी। करियर में नई उपलब्धियां हासिल करने का अवसर मिलेगा। साथ ही, आप अपनी समझदारी से नया काम या व्यवसाय शुरू करने में सफल हो सकते हैं। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी और यात्रा के योग भी बन सकते हैं। आर्थिक रूप से भी यह समय मजबूती देने वाला साबित होगा।

## ट्राई सीरीज में आज इंडिया-ए-श्रीलंका-ए मैच, तिलक वर्मा कप्तानी करेंगे

# सूर्यवंशी आईपीएल के बाद पहली बार उतरेंगे

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

ट्राई सीरीज का पहला मुकाबला इंडिया-अ और श्रीलंका-अ के बीच आज खेला जाएगा। मुकाबला श्रीलंका के रंगिरी दांबुला इंटरनेशनल स्टेडियम में सुबह 10 बजे शुरू होगा। इस वनडे ट्राई सीरीज की तीसरी टीम अफगानिस्तान-अ है। 15 साल के वैभव सूर्यवंशी आईपीएल के बाद पहली बार मैदान पर उतरेंगे। इंडिया-अ की कप्तानी तिलक वर्मा करेंगे। ऋतुराज गायकवाड टीम के उपकप्तान बनाए गए हैं।






**सूर्यवंशी ने इस आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाए-** सूर्यवंशी ने आईपीएल 2026 में सबसे ज्यादा 776 रन बनाए और ऑरेंज कैप जीता। वैभव ने मोस्ट वैल्युएबल प्लेयर, इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द ईयर, सुपर स्ट्राइकर और सबसे ज्यादा छक्के लगाने का अवॉर्ड भी जीता। इस सीजन उन्होंने 36 गेंद पर शतक लगाया था, जबकि तीन बार 90 से 100 के बीच में आउट हुए थे।

**पिछले पांच मुकाबलों में श्रीलंका अ आगे-** भारत अ और श्रीलंका अ के बीच हालिया मुकाबलों में श्रीलंका अ का पलड़ा भारी रहा है। दोनों टीमों के बीच खेले गए पिछले पांच मैचों में श्रीलंका ने दो मुकाबले जीते हैं। भारत को एक जीत मिली है। वहीं दो मैच बारिश के कारण बेनतीजा रहे। आखिरी बार 15 जून 2019 को हुए मुकाबले में श्रीलंका अ ने 7 विकेट से जीत दर्ज की थी। दूसरी ओर, भारत ने श्रीलंका को 8 जून 2019 में 10 विकेट से हराया था।

**रियान ने टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए-** भारत अ के लिए हाल के मैचों में रियान पराग ने सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। उन्होंने पिछले 9 मैचों में 238 रन बनाए। हालांकि आईपीएल में हैमस्ट्रिंग इंजरी की वजह से वे यह टूर्नामेंट नहीं खेल रहे हैं। उनकी जगह ऋतुराज गायकवाड को शामिल किया गया है। कप्तान तिलक वर्मा ने 5 मैचों में 176 रन बनाए हैं। गेंदबाजी में निशांत सिंधु भारत अ के सबसे बेहतरीन गेंदबाज रहे हैं। उन्होंने 10 मैचों में 22 विकेट झटके हैं। उनके अलावा अंशुल कम्बोज और अरशद खान पर भी नजर रहेगी।

**अराचिगे टॉप बैटर-** श्रीलंका अ की बल्लेबाजी में सहान अराचिगे और नुवानिडु फर्नांडो अहम भूमिका निभा सकते हैं। अराचिगे ने पिछले 8 मैचों में 248 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका औसत 31 और स्ट्राइक रेट 75.37 रहा है। वहीं, फर्नांडो ने 8 मैचों में 217 रन बनाए हैं। उनका औसत 27.13 और स्ट्राइक रेट 80.07 का रहा है। गेंदबाजी में वानुजा सहन और मोहम्मद शिराज श्रीलंका-अ में शामिल हैं। वानुजा ने 4 मैचों में 8 विकेट लिए हैं। वहीं शिराज ने 8 मैचों में 7 विकेट चटकाए हैं।

**21 जून को खेला जाएगा फाइनल-** ट्राई सीरीज में तीनों टीमें एक-दूसरे के खिलाफ 2-2 मैच खेलेंगी। लीग स्टेज के बाद पॉइंट्स टेबल में टॉप-2 स्थान पर रहने वाली टीमें 21 जून को फाइनल में आमने-सामने होंगी। भारत अ अपना दूसरा मैच 11 जून को अफगानिस्तान अ के खिलाफ खेलेगा। इसके बाद टीम 15 जून को श्रीलंका अ और 17 जून को फिर अफगानिस्तान अ से भिड़ेगी।

### दोनों टीमों का स्क्वॉड

**इंडिया अः** तिलक वर्मा (कप्तान), प्रियांश आर्य, वैभव सूर्यवंशी, रियान पराग (उप-कप्तान), आयुष बदोनी, निशांत सिंधु, हर्ष दुबे, सूर्यांश शेडगे, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), कुमार कुशाग्र (विकेटकीपर), विप्रज निगम, यश ठाकुर, युद्धवीर सिंह, अंशुल कंबोज, अरशद खान।

**श्रीलंका अः** सहान अराचिगे (कप्तान), निरोशन डिकवेला (उप कप्तान और विकेटकीपर), अविष्का फर्नांडो, नुवानिदु फर्नांडो, सदीरा समरविक्रमा (विकेटकीपर), अहान विक्रमसिंघे, चमिका करुणारत्ने, वानुजा सहन, विजयकांत वियास्कंथ, मोहम्मद शिराज, दुलज समुदिथा, विशेन हलंबगे, रविन्दु फर्नांडो, चमिका गुणसेकरा, गरुका संकेत, कुगदास मथुलन।

इस सीरीज के सभी मैचों का लाइव टेलिकास्ट सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर किया जाएगा। लाइव स्ट्रीमिंग सोनी लीव ऐप और वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी।

## भारतीय दर्शकों के लिए इंग्लैंड क्रिकेट ने बदला समय

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

भारतीय दर्शकों के लिए इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने 3 टी-20 मैचों के लिए समय बदल दिया है। पहले रात 11 बजे शुरू होने वाले मैच अब एक घंटा पहले 10 बजे शुरू होंगे।

भारत जुलाई में इंग्लैंड दौरे पर 3 वनडे और 5 टी-20 मैच खेलेगा। टी-20 सीरीज 1 जुलाई से 11 जुलाई तक होगी। वहीं वनडे सीरीज 14 जुलाई से 19 जुलाई के बीच खेली जाएगी। इससे पहले भारतीय टीम 26 और 28 जून को आयरलैंड के खिलाफ दो मैचों की टी-20 सीरीज भी खेलेगी। मैचों के समय में बदलाव का फैसला भारत में टीवी दर्शकों की संख्या बढ़ाने के लिए लिया गया है। इस बारे में ईसीबी ने ब्रॉडकास्टर्स स्काई स्पोर्ट्स और सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क (भारत) से चर्चा की। भारत की व्हाइट-बॉल सीरीज से ईसीबी को इस साल अच्छा मुनाफा होने की उम्मीद है। मैच डे कमाई और ब्रॉडकास्टिंग राइट्स दोनों से बोर्ड को फायदा मिलने की संभावना है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 2027 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज सीरीज की मेजबानी के बावजूद एउइ को नुकसान हुआ है।

# विमेंस टी-20 वर्ल्डकप प्रैक्टिस मैच में भारतीय जीती

## वेस्टइंडीज को 26 रन से हराया, भारती की नाबाद फिफ्टी, श्रेयांका को 4 विकेट



ब्रह्मास्त्र ›› कार्डिफ

भारतीय विमेंस टीम ने बल्लेबाजों और स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पहले वार्म-अप मैच में वेस्टइंडीज को 26 रन से हरा दिया। सोमवार को कार्डिफ में खेले गए मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 179 रन बनाए। जवाब में वेस्टइंडीज की 8 विकेट खोकर 153 रन ही बना सकी। भारत को शेफाली वर्मा और कप्तान स्मृति मंधाना ने अच्छी शुरूआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 5.2 ओवर में 59 रन जोड़े। मंधाना 23 गेंदों पर 39 रन बनाकर आउट हुईं, जबकि शेफाली ने 13 गेंदों में 29 रन की तेज पारी खेली। इसके बाद जेमिमा रोड्रिज सिर्फ 7 रनबना सकीं। हालांकि यास्तिका भाटिया और भारती फुलमाली ने चौथे विकेट के लिए 60 रन की साझेदारी कर पारी को संभाला। यास्तिका 26 गेंदों पर 36 रन बनाकर रिटायर्ड आउट हुईं, जबकि फुलमाली ने 40 गेंदों पर नाबाद 56 रन बनाए। वेस्टइंडीज की ओर से अफी फ्लेचर सबसे सफल गेंदबाज रहीं। उन्होंने 4 ओवर में 23 रन देकर 4 विकेट झटके। फ्लेचर ने ऋचा घोष, राधा यादव और श्रेयंका पाटिल को भी आउट कर भारतीय बल्लेबाजी पर ब्रेक लगाया। करिश्मा रामहरैक और आलिया एलेन ने एक-एक विकेट लिया, जबकि डिएंड्रा डॉटिन को भी एक सफलता मिली।

## खबर एक नजर...

### भूमि सीमाकंन का बोर्ड और खेत से पानी की मोटर चोरी

**उज्जैन।** नागदा और तराना थाना क्षेत्र में खेतों से चोरी के दो मामलो में संबंधित थाना पुलिस द्वारा अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किये है। नागदा थाना पुलिस के अनुसार आदीनाथ कालोनी नागदा में रहने वाले मुरली मनोहर पिता जयशंकर गुप्ता 55 साल का ग्राम बोरखेड़ा पित्रामल में खेत है। जमीन को लेकर चली आ रही विवादित स्थित को देखते हुए मुरली मनोहर ने राजस्व विभाग से 5 जून को सीमाकंन कराया था। जिसके बाद अपनी जमीन के आसपास सौ खंबे लगाकर जमीन पर भूमि स्वामी का बड़ा लोहे का बोर्ड लगाया। एक दिन बाद ही उक्त लोहे का बोर्ड अज्ञात व्यक्ति द्वारा निकालकर चोरी कर लिया गया। शिकायत पर मामले में प्रकरण दर्ज किया गया है। दूसरा मामला तराना थाना क्षेत्र के ग्राम गांगलियाखेड़ी में ओमप्रकाश पित अमरसिंह बागरी 55 का खेत है। शनिवार-रविवार रात अज्ञात बदमाशों ने खेत पर लगी पानी की 2 मोटर और स्टार्टर चोरी कर लिया। तराना थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### गैंगस्टर काला बुंदेला के साथियों का नहीं मिला सुराग

**उज्जैन।** चाचा धर्मेन्द्र उर्फ धम्मू बुंदेला को एमडी ड्रग्स उपलब्ध कराने वाले फरार कुख्यात गैंगस्टर काला उर्फ जयेन्द्र बुंदेला को एक माह बाद चिमनगंज थाना पुलिस ने गुजरात के द्वारका से गिरफ्तार किया था। जिसे 4 दिनों की रिमांड पर लिया गया गया। पूछताछ में उसने राजस्थान के डग स्थित अमजद लाला से ड्रग्स लाना स्वीकार किया था। पुलिस अमजद लाला की तलाश में काला बुंदेला को डग लेकर पहुंची, लेकिन ड्रग्स तस्करों का सुराग नहीं मिल पाया। पुलिस काला के साथ ड्रग्स सप्लाय से जुड़े अन्य साथियों की तलाश भी की लेकिन सभी फरार होना सामने आये। सोमवार को रिमांड खत्म होने पर पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया है। काला के साथ उसका भाई छिग्गा बुंदेला भी मादक पदार्थ और अवैध हथियार तस्करी में शामिल है। जो वर्तमान में राजस्थान की निम्बाहेड़ा पुलिस की गिरफ्त में है। उसे भी पूछताछ के लिये उज्जैन लाया जायेगा।

### पति-पत्नी के साथ चाकू मारने वाले नाबालिग पुत्र गिरफ्तार

**उज्जैन।** पंवासा थाना क्षेत्र के राजराजेश्वरी कालोनी स्थित मल्टी में पानी भरने के विवाद में 60 वर्षीय मोहन पिता जालमसिंह सिसौदिया को वहीं रहने वाले काना मावर उसकी पत्नी रिया और नाबालिग पुत्र ने 24 मई को चाकू मार दिये और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले थे। पुलिस ने तीनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया था। 14 दिन की तलाश के बाद पंवासा थाना पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया। नाबालिग की निशानदेही पर चाकू बरामद किया गया है। नाबालिग के खिलाफ सामाजिक पृष्ठभूमि रिपोर्ट तैयार कर वैधानिक कार्रवाई की गई। वहीं पति-पत्नी को न्यायालय में पेश किया।

### मकान निर्माण को लेकर 2 परिवारों में हुआ विवाद

**उज्जैन।** झारड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम बमनई में मकान निर्माण को लेकर २ परिवारों के बीच विवाद हो गया। कहासुनी मारपीट में बदल गई। मामला पुलिस के पास पहुचा तो दोनों ओर से प्रकरण दर्ज किया गया। पुलिस ने बताया कि अशोक पिता नारायणलाल ने शिकायत दर्ज कराई कि आरोपी मदनलाल के मकान की छत भर रही थी तभी उसने कहाकि मेरी चद्दरों से चार इंच जगह छोडकर अपने कालम भरना इसी बात को लेकर मदनलाल ने अपने परिवार के साथ मिलकर उसके और भाई कमल के साथ मारपीट की। वही मदनलाल पिता बगदू का आरोप था कि अशोक-कमल पड़ोसी है। वह अपने मकान की छत भर रहा था। दोनों भाई बोले कि तुमने कालम यहा तक क्यो भरे है, इसी बात को लेकर दोनों ने गाली गलोच कर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस के अनुसार मामला जांच में है। दोनों पक्ष पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### नवाखेड़ा चौराहा पर लेनदेन के विवाद में फोड़ी कार

**उज्जैन।** इंदौररोड स्थित नवाखेड़ा चौराहा पर बीती शाम लेनदेन के विवाद में सुभाष पिता हरीराम गेहलोत निवासी ब्रिजराजखेड़ी चिंतामण और गौरव पिता तेजराम गेहलोत निवासी नवाखेड़ा के बीच विवाद हो गया। दोनों ओर से मारपीट की गईद्ध वहीं सुभाष की कार फोड़ दी। मामला नानाखेड़ा थाने पहुंचने पर सामने आया कि सुभाष ठेकेदारी का काम करता है। उसने कुछ समय पहले नवाखेड़ा में गौरव का एक हजार स्क्वेयर फीट का मकान बनाया था। जिसके कुछ रुपए बाकी रह गये थे। सुभाष बीती शाम अपने साथी लखन के साथ नवाखेड़ा गौरव से रुपए लेने पहुंचा था। चौराहा पर मिले गौरव से लेनदेन को लेकर विवाद हुआ और गौरव ने अपने साथियों के साथ मिलकर कार क्षतिग्रस्त कर दी। गौरव ने भी पुलिस को शिकायत दर्ज कराई और बताया कि मकान बनाने की बात पर विवाद होने पर सुभाष और उसके साथी ने मारपीट की है। जिसमें उसे और साथी अंकित पिता छोटूलाल को चोंट आई है। पुलिस ने क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 450-9 | 679-2 |
| मेन बाजार | 130-4 | 670-3 |
| मिलन डे | 168-5 | 167-4 |
| मिलन नाइट | 245-1 | 570-2 |

1 4 0

### सीसीटीवी कैमरों में दिखी 2 कार, संदिग्धों से पूछताछ

# ताला तोड़कर बदमाशों ने उड़ाई लाखों रुपये की ब्रांडेड सिगरेट

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

बदमाशों द्वारा मार्केटिंग एजेंसी का ताला तोड़कर शनिवार-रविवार रात 30 लाख से अधिक कीमत की ब्रांडेड सिगरेट चोरी कर ली गई। मामले में रविवार रात पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की है। कुछ संदिग्धों को पूछताछ के लिये हिरासत में भी लिया गया है।

माधवनगर थाना क्षेत्र के घटकरपर मार्ग फ्रीगंज में रहने वाला सौरभ पिता सुरेश माहेश्वरी दशहरा मैदान नेहरू पार्क के पास माहेश्वरी मार्केटिंग एजेंसी का संचालन करते है। एजेंसी से आईटीसी कंपनी की 25-30 ब्रांड की मंहगी सिगरेट की मार्केटिंग पूरे जिले में की जाती है। रविवार सुबह 11.30 बजे वह एजेंसी पहुंचे पहुंचे तो ताला टूटा दिखाई दिया। अंदर देखने पर ब्रांडेड कंपनी की सिगरेट के 25 से 26 बड़े बॉक्स गायब थे। एजेंसी में लगे कैमरों का डीवीआर भी नहीं था। चोरी की सूचना माधवनगर थाना पुलिस को दी गई। पुलिस जांच के लिये पहुंची, इस दौरान सौरभ माहेश्वरी ने बताया कि चोरी हुई सिगरेट की कीमत करीब 30 लाख रुपए के लगभग है। एजेंसी से कैमरों का डीवीआर चोरी होने पर बदमाशों के फुटेज सामने नहीं आ पाये। पुलिस ने जांच के बाद आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे। जिसमें संदिग्ध कार दिखाई दी है। वहीं 2 व्यक्ति भी होना सामने आये। दिनभर जांच के बाद रात में सौरभ माहेश्वरी की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया। बताया जा रहा है कि पुलिस ने कुछ संदिग्धों को पूछताछ के लिये हिरासत में लिया है। वहीं चोरी में शामिल बदमाशों का पता लगाने के लिये एक टीम गठित की गई है।



#### चोरी की कार से बदमाशों के आने की शंका

सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखने पर एक नहीं 2 कार होना सामने आई है। बदमाश किसी कार में सवार थे, इसका पता नहीं चल पाया है, लेकिन शंका जताई जा रही है कि बदमाश जिस भी कार से आये थे वह चोरी की हो सकती है। रात का समय होने पर पुलिस कार का नम्बर ट्रेस नहीं कर पाई है। बावजूद आसपास लगे कैमरों के फुटेज खंगाल कर नम्बर ट्रेस करने के साथ कार के आने और जाने वाले रास्तों का पता लगाया जा रहा है। आशंका यह भी जताई गई है कि बदमाश बाहरी हो सकते है। जिनका स्थानीय बदमाशों से संपर्क रहा होगा।

#### 6 माह पहले भी हुई थी सिगरेट की चोरी

माधवनगर थाना क्षेत्र में 12-13 नम्बर 2025 को भी सिगरेट चोरी का बड़ा मामला सामने आया था। फ्रीगंज क्षेत्र भाजपा नगर मंत्री की होलसेल किराना दुकान जेके ट्रेडर्स से बदमाशों ने लाखों की सिगरेट चोरी की थी। उस दौरान भी बदमाश कार से आये थे जो चोरी की होना सामने आई थी। पुलिस ने एक माह की तलाश के बाद 3 बदमाशों का गिरफ्तार किया था, जो मुम्बई के रहने वाले थे। बदमाश सिर्फ मंहगी सिगरेट चोरी कर दूसरे जिले और राज्यों में ठिकाने लगाते थे। एक बार फिर बदमाशों ने माधवनगर थाना पुलिस को ब्रांडेड सिगरेट चोरी कर चुनौती दी है।

## रात के अंधेरे में सीवरेज चैंबर से टकराये बाइक सवार की हुई मौत

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

रात के अंधेरे में बीच सड़क पर बने सीवरेज चैंबर से टकराने के बाद बाइक सवार गंभीर घायल हो गया। उसे चरक अस्पताल लाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया।

जीवाजीगंज थाना क्षेत्र के जूना सोमवारिया में रविवार रात 12 बजे के लगभग बाइक सवार सड़क मार्ग पर बने सीवरेज चैंबर से टकराने के बाद गिरकर गंभीर घायल हो गया था। उसे चरक अस्पताल लाया गया, जहां उसकी मौत होना सामने आया। मृतक की पहचान अजय पिता शंकर माली 22 साल निवासी जयसिंहपुरा के रूप में हुई। दुर्घटना के दौरान अजय के पीछे दूसरी बाइक पर मां और जीजा भी आ रहे थे। सोमवार सुबह पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि पिपलीनाका क्षेत्र में रिश्तेदार के यहां आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने गये थे, जहां से अजय



अकेला बाइक से जयसिंहपुरा लौटा था। अंधेरे में बीच सड़क पर बना सीवरेज चैंबर दिखाई नहीं दिया। अजय इलेक्ट्रिक का काम करता था और अविवाहित था। पुलिस के अनुसार मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया गया है। गौरतलब हो कि पूर्व में सीवरेज चैंबर से टकराने पर दुर्घटना होना सामने आ चुका है। टाटा कंपनी द्वारा शहर में सीवरेज लाइन के लिये बीच मार्गो में खुदाई कर चैंबर बनाये है। आगामी वषार्काल में जलभराव होने पर बीच सड़क बने चैंबर दुर्घटना का बड़ा कारण बन सकते हैं।

## मोबाइल पर आया टॉवर चौक उड़ाने का मैसेज

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

फोटोग्राफी करने वाले युवक के मोबाइल पर टॉवर चौक को उड़ाने का मैसेज अज्ञात व्यक्ति द्वारा भेजा गया। मैसेज मिलते ही युवक ने माधवनगर थाना पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से चैकिंग अभियान चलाया। मैसेज सिर्फ अफवाह होना सामने आया है।

फ्रीगंज क्षेत्र में फोटोग्राफी का काम करने वाले अजय पटेल नामक युवक के मोबाइल पर +92 सिरीज नम्बर से मैसेज आया। जिसमें बताया गया कि शाम को टॉवर चौक उड़ा दिया जायेगा। युवक ने मामले की जानकारी माधवनगर थाना पुलिस को दी। पुलिस द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। प्रारंभिक तौर पर धमकी मैसेज फर्जी होना




प्रतीत हुआ, बावजूद सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस की बम डिस्पोजल स्क्वाड़ ने टॉवर चौक पर खोजी डॉग और आधुनिक उपकरणों के साथ सर्चिंग की, इस दौरान पूरे क्षेत्र में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि चैकिंग रूटिंग में की गई है। मैसेज पैनिक फैलाने के शरारती तत्वों द्वारा पोस्ट किया गया होगा। वहीं माधवनगर पुलिस युवक के मोबाइल पर आये मैसेज के नम्बर की जांच कर रही है।

### श्री महाकालेश्वर मंदिर परिसर के बाहए एवं अंदर दोनों और बाधा ही बाधा

## श्रद्धालु दर्शन में बाधक बने मांगने वाले और सुरक्षाकर्मी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

श्री महाकालेश्वर मंदिर में प्रवेश को लेकर मंदिर परिसर के बाहर एवं अंदर दोनों और श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड रहा है। परिसर के बाहर मांगने वालों के कारण श्रद्धालु परेशान है। ये मांगने वाले श्रद्धालुओं के कपडे तक खींचने से बाज नहीं आ रहे हैं। अंदर शाम 6 बजे बाद श्रद्धालुओं को सुरक्षाकर्मी जूना महाकाल एवं बाबा बाल हनुमान क्षेत्र में नहीं जाने दे रहे हैं। मंदिर में एक बार फिर विवादित विडियो का मामला सामने आया है। एक युवक ने पुष्पा के ड्रेसअप में भगवान के दर्शन किए हैं और उसे वीआईपी ट्रीटमेंट मिला है।

भगवान के मंदिर में दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं का मन मंदिर के बाहर ही आहत हो रहा है। दान के लिए श्रद्धालुओं के साथ जबरदस्ती की जा रही है। यहां तक की उनके कपडे तक खींचे जा रहे हैं और नहीं देने पर बद्दुआएं दी जा रही है। परिसर के अंदर श्रद्धालुओं को जूना महाकाल क्षेत्र में जाने से रोका जा रहा है। शाम होते ही यह व्यवस्था किसके आदेश से पालन की जा रही है कोई बताने वाला नहीं है लेकिन सुरक्षाकर्मी इस आदेश का हवाला देकर श्रद्धालुओं को रोक देते हैं और उन्हें आहत कर रहे हैं।

**दान का गौरखधंधा पनपा-** महाकाल मंदिर गेट नम्बर एक से लेकर महाकाल थाने तक विशेष तौर पर डेरे से जुडी महिलाएं और बच्चे आटा दाल दान के नाम पर आतंक फैला रहे हैं। यहां तक की श्रद्धालुओं से



विवाद तक कर रहे हैं। बाहर से आने वाले श्रद्धालु इनके आतंक में फंसकर इन्हें आटा-दाल दान करने को मजबूर हो रहे हैं। इनका इतना आतंक है कि ये यात्रियों की जेब में हाथ डालने से भी नहीं चूक रहे हैं। जबरदस्ती आटा दाल दान के नाम पर बदसलूकी की जा रही है यहां तक की गंदी गालिया दी जाती है। आटा दाल नहीं दिलाने पर यात्रियों के मुँह में गंदे हाथ तक डाले जा रहें है। कुछ स्थानीय दुकानदार इनकी इस प्रक्रिया को सहयोग कर रहे हैं और आटा दाल के पैकेट टेबल पर रख कर उन्हें यात्रियों को 250/- रूपए में दिया जाता है। खास तो यह है कि वही पैकेट दुकानदार को रूपए 150/-में वापस यही लोग बेच रहे हैं। इस रोटेशन में दुकानदार और ये मांगने वाले अच्छी खासी कमाई कर रहे हैं। यात्रियों को दान के नाम पर मुर्ख बनाते हुए आहत किया जा रहा है।मंदिर परिसर के बाहरी हिस्से में लगे सीसी टीवी में इनके आए दिन के मामले रेकार्ड से लिए जा सकते हैं। अगर कोई श्रद्धालु इनसे उलझता है तो ये तत्काल कुछ पुरूषों को बुलाकर उससे अभद्रता में भी पीछे नहीं रहते हैं।

- **रोक से जूना महाकाल के दर्शन दुर्लभ-** मंदिर परिसर के अंदर शाम के समय सुरक्षाकर्मियों की वजह से जूना महाकाल एवं बाबा बाल हनुमान के दर्शनों की व्यवस्था में बाधा पैदा हो रही है। पिछले कुछ दिनों से शाम को इस क्षेत्र में दर्शन के लिए जाने वाले स्थानीय श्रद्धालुओं को रोका जा रहा है। सुरक्षाकर्मी उन्हें इस क्षेत्र में जाने पर रोक रहे हैं और कहा जा रहा है कि मंदिर समिति के अधिकारियों के आदेश पर ऐसा किया जा रहा है। आदेश किसने जारी किया है इसका हवाला वे नहीं देते हैं। उल्टा संबंधित श्रद्धालु को आदेशित किया जाता है कि वे ही मंदिर प्रबंध समिति से इस क्षेत्र में जूना महाकाल एवं बाबा बाल हनुमान के दर्शन के लिए आदेश लेकर आएं। सुरक्षा कर्मियों के रवैये से जूना महाकाल दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालु बराबर आहत हो रहे हैं।
- **'पुष्पा' के मेकअप में दर्शन किए युवक ने, विडियो बनाया -** मंदिर में एक बार फिर विडियो विवाद गहराया है। हाल ही में एक युवक-युवती ने गणेश मंडपम में पहुंचकर सगाई की थी और एक दुसरे को रिंग पहनाई थी। बगैर अनुमति इसकी विडियो बनाकर बाद में सोश्यल मिडिया पर वायरल किया गया था। इस मामले में मंदिर समिति के कर्मचारियों पर एक्शन लिया गया था। मंदिर परिसर में फोटोग्राफी पर प्रतिबंध होने के बावजूद दो दिन पहले एक युवक पुष्पा फिल्म के हीरो अल्लू अर्जुन की तरह साड़ी-ब्लाउज पहनकर, पैरों में पायल, गले में नींबू की माला और हार, कानों में टॉप्स, नाक में नथनी और हाथों में चूड़ियां पहनकर दर्शन करने पहुंचा। उसके इस अलग अंदाज और पुष्पा स्टाइल को देखकर मंदिर समिति के कर्मचारी भी उसके साथ फोटो खिंचवाते नजर आए।

## फंदे पर लटकी मिली रेलवे कर्मी की लाश 2 थानों के बीच ढाई घंटे तक उलझा मामला

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

विक्रमनगर रेलवे कालोनी के क्वार्टर में सोमवार दोपहर रेलवे कर्मी ने फांसी लगा ली। घटनाक्रम सामने आने के बाद मामला नागझिरी और जीआरपी थाना पुलिस के बीच उलझ गया। करीब 3 घंटे बाद नागझिरी थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल पहुंचाया।

नागझिरी थाना एएसआई अर्जुनसिंह तोमर ने बताया कि दोपहर में विक्रमनगर रेलवे कालोनी में रहने वाले कमल पिता रतनलाल भाटी 45 साल ने रेलवे क्वार्टर की दूसरी मंजिल के कमरे में फांसी लगा ली थी। घटना के समय परिवार नीचे कमरे में मौजूद था। पुत्र शुभम भाटी ने घटना की सूचना दी, शाम को पुलिस घटनास्थल पहुंची और शव को रस्सी के फंदे से उतारकर मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के लिये चरक अस्पताल भेजा गया। प्रारंभिक पूछताछ में परिजनों ने बताया कि रेलवे में ट्रेक मेंटेनर था, 6 माह से बीमार चल रहा था, जिसके चलते ड्युटी पर भी नहीं जा पा रहा था। रतलाम में उपचार चल रहा था। संभवतः बीमारी के चलते फांसी लगाई है। एएसआई तोमर के अनुसार घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

ढाई घंटे बाद उतारा गया शव

कमल भाटी के फांसी लगाने की सूचना नागझिरी थाना पुलिस को दी गई थी। लेकिन पुलिस ने मामला विक्रमनगर रेलवे स्टेशन परिसर की रेलवे कालोनी का होने पर जीआरपी थाना पुलिस का घटनास्थल होना बताया। लेकिन जीआरपी ने घटनास्थल नागझिरी थाने की सीमा में आना बता दिया। करीब ढाई घंटे तक 2 थानों के बीच मामला उलझा रहा और शव फंदे पर लटका रहा। अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद नागझिरी थाना पुलिस ने मर्ग कायम किया। पुलिस के अनुसार जांच जीआरपी थाना पुलिस को सौंपी जायेगी।

### महिला यात्री का प्लेटफार्म नं. 2 से चोरी हुआ मंगलसूत्र

**उज्जैन।** देवास के लिये रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नम्बर 2 से ट्रेन में सवार होने के लिये चढ़ रही महिला का भीड़ के बीच अज्ञात बदमाश ने मंगलसूत्र चोरी कर लिया। मामले में जीआरपी द्वारा प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। पांच दिन में दूसरी वारदात होना सामने आया है।

नागदा की रहने वाली अश्विनी पति अशुंल शर्मा 35 साल उज्जैन आई थी। रविवार को उज्जैन से देवास जाने के लिये प्लेटफार्म नम्बर 2 पर पहुंची थी। नागदा-इंदौर पैसेंजर ट्रेन के आने पर चढ़ने का प्रयास कर रही थी, उसी दौरान भीड़ में अज्ञात बदमाश ने गले से सोने का मंगलसूत्र उड़ा दिया। ट्रेन में चढ़ने के बाद अश्विनी को मंगलसूत्र गायब होने का पता चला। लेकिन ट्रेन चल दी थी, देवास से वापस लौटने के बाद मामले की शिकायत जीआरपी को दर्ज कराई गई है। प्लेटफार्म नम्बर 2 पर हुई वारदात से पहले 3 जून को प्लेटफार्म नम्बर 8 पर उज्जैन की रहने वाली सरिका पति संजय सोनी के साथ वारदात होना सामने आया था। सरिका दाहोद जाने के लिये प्लेटफार्म पर खड़ी थी उसी दौरान इंदौर-दौंड सुपरफास्ट एक्सप्रेस आई। वह कोच नम्बर 5 के खड़ी थी इसी बीच यात्रियों की भीड़ में अज्ञात बदमाशों ने उसके गले से 72 हजार कीमत की चेन गले से गायब कर दी थी। उक्त मामले में भी जीआरपी ने प्रकरण दर्ज किया था। लेकिन अब तक बदमाश का पता नहीं लग पाया और दूसरी वारदात हो गई।

### दो युवकों के साथ नाबालिग युवती हिरासत में, बाइक सवार साथी भाग

# कार की डिक्की में रखे 4 बेग से मिला 54 किलो का मादक पदार्थ

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

रात्रि गश्त पर निकली पुलिस को देख बाइक सवार भाग निकला, उसके पीछे आ रही कार को घेराबंदी कर रोका गया, कार में 2 युवकों के साथ एक युवती थी। संदेह होने पर कार की तलाशी ली गई। डिक्की में रखें चार बैग मिले। जिसमें मादक पदार्थ डोडाचुरा और अफीम भरी हुई थी। दोनों युवकों को 13 जून तक रिमांड पर लिया गया है। युवती नाबालिग होना सामने आई जिसे बाल संरक्षण गृह भेजा गया है।

खाचरोद थाना प्रभारी धनसिंह नलवाया ने बताया कि रविवार-सोमवार रात एसआई ईश्वर जोशी टीम के साथ रात्रि गश्त पर थे। उसी दौरान फनार्खेडी फंटा नागदा जावरा रोड से बाइक सवार आता दिखाई दिया। उसने पुलिस वाहन देखा, तो पास के रास्ते से भाग निकला, पीछे ही कार क्रमांक एमपी 09 सीवी



8313 आती दिखाई दी, कार चालक ने भी पुलिस वाहन देखकर भागने का प्रयास किया। शंका होते ही पुलिस फोर्स द्वारा घेराबंदी की गई कार को रोकने पर उसमें दो युवको के साथ एक युवती दिखाई थी। मामला संदिग्ध दिखाई देने पर पूछताछ शुरू की गई, युवती नाबालिग 17 वर्ष होना सामने आई। युवक के नाम बबलू पिता गोपाल सोनी 35 साल निवासी ग्राम खजुरीया सारंग थाना भावगढ जिला मंदसौर और कृष्णपाल पिता अशोक गोड जाति कायस्थ 23 साल निवासी ग्राम हतुनिया थाना अफजलपुर जिला मंदसौर थे। रात में आने जाने का कारण पूछा तो तीनों बरगलाने का प्रयास करने लगे। पुलिस टीम द्वारा कार की तलाशी ली गई, डिक्की में चार बड़े बैग रख होना सामने आए। जिन्हें खोलने पर उसमें मादक पदार्थ डोडा चूरा और अफीम भरी पाई गई। कार जप्त कर तीनों को थाने लाया गया जहां पता चला कि बाइक से भाग उनका साथी प्रदीप पिता रामेश्वर पांचाल निवासी बड़ावदा था। थाना प्रभारी के अनुसार चारों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया। उनके पास से बरामद डोडाचूरा 53.30 किलो ग्राम और अफीम 608 ग्राम थी। तीनों आरोपियों से उनके मोबाइल फोन भी जप्त किए गए हैं। उनके पास से बरामद मादक पदार्थ कार और मोबाइल की कीमत 14 लाख रुपए से अधिक की होना सामने आई है। सोमवार दोपहर तीनों को कोर्ट में पेश किया गया जहां से नाबालिग युवती को बाल संरक्षण गृह भेजा गया वहीं दोनों युवकों को पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया गया है। उनके फरार बाइक सवार साथी की भी तलाश जारी है। पूछताछ के बाद ही सामने आ पाएगा कि मादक पदार्थ कहां से लेकर आए थे और किस देने जा रहे थे उनके आपराधिक रिकार्ड भी तलाश किया जा रहे हैं। एसआई ईश्वर जोशी के साथ पूरी कार्रवाई में एसआई सुधीर शर्मा, प्रधान आरक्षक महेन्द्र, यशपाल सिंह, उम्मेदराम डीगा, जितेन्द्र दिवाकर, आरक्षक हेमेन्द्र सिंह राठौर, कृष्णा बैरागी और टीम का सहयोग रहा।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com